NEWS सिटी चीफ

# सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-291
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

सुधि पाठकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर कार्यालय में अवकाश रहेगा अगला अंक 27 जनवरी (सोमवार) को प्रकाशित होगा - संपादक

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

इंदौर, शनिवार 25 जनवरी 2025

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

महेश्वर में मप्र कैबिनेट की बैठक – एक अप्रैल से उज्जैन-अमरकंटक-दतिया समेत 17 धार्मिक नगरों में शराबबंदी, नारी सशक्तिकरण के लिए कल्याणी योजना

## धार्मिक स्थलों पर शराब पाबंदी...



महेश्वर। मध्यप्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। कैबिनेट ने 17 धार्मिक नगरों में शराबबंदी लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत एक अप्रैल से अब प्रदेश के 17 धार्मिक नगरों में शराब नहीं बिकेगी और दुकानें बंद हो जाएंगी। कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए सीएम डॉ. मोहन यादव ने बताया कि जो दुकानें बंद की जाएंगी, उन दुकानों को कहीं और शिफ्ट नहीं किया जाएगा। ये पूर्णत बंद होंगी। मप्र के शहरों के धार्मिक महत्व को देखते हुए ये फैसला लिया गया है। शहरों के अलावा नर्मदा नदी के दोनों किनारों के पांच-पांच किमी दायरे तक शराब दुकान नहीं रहेंगी। मुख्यमंत्री ने साफ किया कि सरकार शराबबंदी की ओर कदम बढ़ा रही है। इसी के तहत पहले चरण में 17 धार्मिक शहरों में शराबबंदी लागू की गई है। इनमें नगर पालिका, नगर परिषद और नगर पंचायत क्षेत्रों में शराब की दुकानें बंद कर दी जाएंगी और इन दुकानों को दूसरी जगह शिफ्ट भी नहीं किया जाएगा। इन 17 धार्मिक नगरों में एक नगर निगम, 6 नगर पालिका, 6 नगर परिषद और 6 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मां नर्मदा के दोनों तटों के पांच किलोमीटर में शराबबंदी की नीति फिलहाल यथावत जारी रहेगी। इस पॉलिसी में कोई बदलाव नहीं आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम कोशिश कर रहे हैं कि धीरे-धीरे राज्य पूर्ण शराबबंदी की तरफ बढ़े। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महेश्वर में हुई कैबिनेट बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में बताया कि कैबिनेट की बैठक में उज्जैन, मंदसौर, अमरकंटक, ओंकारेश्वर, दतिया, सलकनपुर, पन्ना, मंडला, मुलताई, मंदसौर, मैहर, महेश्वर, मंडलेश्वर, ओरछा, चित्रकूट, अमरकंटक, सलकनपुर, बर्मानकला, लिंगा, कुंडलपुर, अरमानपुर और बांदलपुर में शराबबंदी की जाएगी।

**समय के साथ पूर्ण शराबबंदी होगी**- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शराबबंदी की दिशा में अपने कदम आगे बढ़ा रहा है। समय के साथ मध्यप्रदेश में भी पूर्ण शराबबंदी होगी। पर इसमें वक्त लगेगा। सीएम ने कहा कि राज्य धीरे-धीरे शराबबंदी की तरफ बढ़े, इस क्रम में आज एक नीतिगत निर्णय हुआ है। इस वजह से पहले चरण में 17 धार्मिक नगरों को चुना गया है। इनमें नगर पालिका, नगर परिषद और नगर पंचायत क्षेत्र शामिल हैं। इन दुकानों को दूसरी जगह शिफ्ट भी नहीं किया जाएगा। यह निर्णय हमेशा के लिए किया गया है।

**इस वजह से इन शहरों में शराबबंदी**- महाकाल ज्योतिर्लिंग होने के कारण उज्जैन को शराब से मुक्त किया जा रहा है। वहीं दतिया एक मुख्य जगह है। सीएम मोहन यादव ने कहा है कि पीतांबरा पीठ होने की वजह से यहां शराबबंदी की गई है। वहीं अमरकंटक नर्मदा का उद्गम स्थल है। इस वजह से यहां शराब प्रतिबंधित रहेगी। मंदसौर में पशुपतिनाथ का मंदिर है। यहां के लोग लंबे समय से शराब बंदी की मांग भी कर रहे थे। मैहर में माता शारदा विराजित हैं। इसके अलावा पन्ना में भी शराब पर रोक लगाई गई है। उधर, 17 धार्मिक नगरों में राज्य सरकार के शराबबंदी के फैसले पर पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने कहा कि इन शहरों में जुआ, सट्टा और स्मैक पर भी प्रतिबंध लगना चाहिए। उन्होंने इस कदम को महज दिखावा करार दिया।

**कल्याणी विवाह को प्रोत्साहन देने का निर्णय** -मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी सशक्तिकरण की दिशा में नई योजना बनाई गई है। इस योजना से हम प्रदेश की महिलाओं को शिक्षा-स्वास्थ्य-पोषण-सुरक्षा-वित्त सहित हर तरह से सशक्त बनाएंगे। उन्होंने बताया कि विधवा बहनों के लिए कल्याणी योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत अगर कोई विधवा बहन विवाह करके जीवन को बेहतर बनाना चाहती है तो उसे दो लाख रुपये की आर्थिक मदद की जाएगी। सीएम ने कहा कि किसान भाइयों के लिए भी हमारी सरकार ने निर्णय किया है कि जो किसान अस्थाई विद्युत पंप पर निर्भर रहते हैं ऐसे लगभग 2 लाख किसानों को 3 हॉर्स पावर से लेकर 7.5 हॉर्स पावर तक 10 प्रतिशत की राशि वह देंगे तो उन्हें पूरा सोलर पंप हमारी तरफ से दिया जाएगा। एक तरह से बिजली फ्री हो जाएगी। इसके अलावा सीएम ने कहा कि गुरुवार को हमने भोपाल में जो डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सेतु की सौगात दी है। इसके बाद 180 करोड रुपए की लागत से एक और नया सेतु भोपाल के लिए मंजूर किया गया है।

**मंत्री कर सकेंगे तबादले** कैबिनेट मीटिंग में यह भी तय हुआ कि विशेष परिस्थितियों में मंत्री भी अपने विभाग में ट्रांसफर कर सकेंगे।अप्रैल में ट्रांसफर पॉलिसी के लागू होने तक यह व्यवस्था लागू रहेगी। मंत्री गंभीर बीमारी या शारीरिक/ मानसिक दिव्यांगता आदि के आधार पर निर्णय ले सकेंगे। सीएम ने बताया कि महू में स्थापित आंबेडकर विश्वविद्यालय के लिए 25 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। इसे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही कैबिनेट ने नारी सशक्तिकरण मिशन को मंजूरी दी है।कैबिनेट की बैठक वंदे मातरम गान के साथ शुरू हुई। कैबिनेट बैठक लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर को समर्पित की गई है। मुख्यमंत्री के सामने टेबल पर अहिल्या माता की मूर्ति रखी गई। कैबिनेट से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अहिल्या घाट पर मंत्रियों के साथ नर्मदा पूजन किया।

**होल्कर साम्राज्य की संस्कृति को किया याद** -सीएम यादव ने होल्कर साम्राज्य की संस्कृति को भी याद किया। उन्होंने कहा कि होल्कर साम्राज्य का सांस्कृतिक क्षेत्र तो बड़ा था ही, उनका भौगोलिक क्षेत्र भी बड़ा था। हम लोकमाता मां अहिल्याबाई के आदर्शों को चरितार्थ करने का प्रयास कर रहे हैं। मां नर्मदा का आशीर्वाद हमारे साथ है। कैबिनेट की बैठक से पहले मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपनी कैबिनेट के साथियों के साथ नर्मदा नदी के तट पर पूजा अर्चना कर प्रदेश की प्रगति की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार विरासत को सभी के बीच लाने के प्रयास में लगी हुई है। इसी क्रम में रानी अहिल्याबाई के 300वें जन्मदिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इस वर्ष का दशहरा भी उनको समर्पित रहा है। इंदौर में शस्त्र पूजन किया गया।

## राष्ट्रपति मुर्मू-पीएम मोदी से मिले इंडोनेशियाई राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस में होंगे मुख्य अतिथि



**नई दिल्ली।** इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने आज राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने पीएम मोदी से गले भी मिलें। सुबियांतो 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए भारत आए हैं। वे गुरुवार रात नई दिल्ली पहुंचे, जहां एयरपोर्ट पर विदेश राज्य मंत्री पावित्रा मार्गेरिटा ने उनका स्वागत किया। प्रबोवो सुबियांतो गणतंत्र दिवस में मुख्य अतिथि के तौर पर हिस्सा लेने वाले इंडोनेशिया के चौथे राष्ट्रपति हैं। इंडोनेशिया के पहले राष्ट्रपति सुकर्णो 1950 में भारत के पहले गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि थे।

**इन समझौतों पर हो सकती है बात**

इंडोनेशिया भारत से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें खरीदने को लेकर इच्छुक है। ऐसे में राष्ट्रपति सुबियांतो अपनी इस यात्रा के दौरान ब्रह्मोस मिसाइलें खरीदने पर चर्चा जरूर करेंगे। रविवार को इंडोनेशिया का 352 सदस्यीय मार्चिंग और बैंड दल कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेगा। यह पहली बार होगा जब इंडोनेशिया का दल विदेश में राष्ट्रीय दिवस परेड में शामिल होगा।

पिछले कुछ वर्षों में भारत-इंडोनेशिया संबंधों में तेजी आई है। पीएम मोदी ने 2018 में इंडोनेशिया की यात्रा की थी, इस दौरान भारत-इंडोनेशिया संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया। प्रबोवो सुबियांतो इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी बातचीत कर चुके हैं। इंडोनेशिया में राष्ट्रपति चुने जाने के बाद सुबियांतो ने पीएम मोदी को फोन किया था। इस दौरान दोनों के बीच भारत-इंडोनेशिया के संबंधों को आगे बढ़ाने से लेकर कूटनीतिक संबंधों को मजबूत करने पर बात हुई थी। इसके अलावा दोनों नेताओं ने 2024 में ब्राजील के रियो डी जेनेरो में जी20 सम्मेलन के दौरान भी मुलाकात की थी।

**दोनों देशों के बीच व्यापार** 2018 में रक्षा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर के बाद दोनों देशों में द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा संबंधों में भी लगातार विस्तार देखा गया है। 2023 में भारत-इंडोनेशिया व्यापार की मात्रा 29.40 बिलियन अमेरिकी डॉलर दर्ज की गई। इंडोनेशिया में बुनियादी ढांचे, बिजली, कपड़ा, इस्पात, मोटर वाहन, खनन, बैंकिंग और उपभोक्ता सामान क्षेत्रों में भारतीय निवेश 1.56 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। इंडोनेशिया में भारतीय मूल के लगभग 150,000 व्यक्ति रहते हैं।

## अभिनेत्री रहीं ममता कुलकर्णी बनीं किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर



**प्रयागराज।** बॉलीवुड अभिनेत्री रहीं ममता कुलकर्णी को अब किन्नर अखाड़े के महामंडलेश्वर के रूप में जाना जाएगा। उन्होंने अपने संन्यासी जीवन की शुरुआत संगम के तट पर बसे 45 दिनों के अलौकिक संसार 'महाकुंभ' से की है। शुक्रवार को ममता कुलकर्णी प्रयागराज पहुंची, उन्होंने अपना पिंडदान किया और संन्यास की दीक्षा ली। अब वे यामाई ममता नंद गिरी कहलाएंगी। किन्नर अखाड़े ने ममता कुलकर्णी का पट्टाभिषेक कर उन्हें महामंडलेश्वर की उपाधि दी है। इससे वे अखाड़े की साध्वी के रूप में जानी जाएंगी।

किन्नर अखाड़े के आचार्य लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने उन्हें दीक्षा दी है। पट्टाभिषेक के बाद ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर की पदवी दी गई और उनको नया नाम श्री यामाई ममता नंद गिरि दिया गया। ममता अब इसी नाम से जानी जाएंगी। इसके पहले उन्होंने एक वीडियो भी जारी किया, जिसमें में उन्होंने बताया कि साध्वी बनने के बाद वे संगम, काशी और अयोध्या की यात्रा करेंगी। ममता कुलकर्णी ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य होगा कि महाकुंभ की पवित्र बेला में संन्यास लिया। मैंने 23 वर्ष पहले अपने गुरु श्री चैतन्य गगन गिरि से कुपोली आश्रम में दीक्षा ली थी। अब पूरी तरह से संन्यासिनी बन गई हूं। पिंडदान करने के बारे में कहा, यह महादेव और महाकाली का आदेश था। मेरे गुरु का आदेश था। आज का दिन उन्होंने चुना। मैंने कुछ नहीं किया। यह ऊपर वाले और गुरु की कृपा से संभव हुआ है। मैंने संन्यासिनी के रूप में नए जीवन में प्रवेश किया है।

**भाजपा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद भी महामंडलेश्वर बनेंगे**

बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री रहीं ममता कुलकर्णी के बाद अब भाजपा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद भी महामंडलेश्वर बनेंगे। महाकुंभ में उनका महामंडलेश्वर के पद पर पट्टाभिषेक होगा। निर्मल अखाड़े की छावनी में 26 जनवरी को दो संतों को महामंडलेश्वर बनाया जाएगा। अक्रिय धाम खमरिया पीलीभीत के पीठाधीश्वर स्वामी प्रवक्तानंद 2022 के विधानसभा चुनाव में विधायक चुने गए थे। निर्मल अखाड़े के कोठारी संत जसविंदर सिंह ने बताया कि गुजरात के स्वामी गीता हरि का भी महामंडलेश्वर के पद पर पट्टाभिषेक होगा। गांधीनगर गुजरात में त्रिलोकनाथ वात्सल्य वाटिका नाम से आश्रम चला रहे स्वामी गीता हरि बचपन से ही संत परंपरा से जुड़े हुए हैं। निर्मल अखाड़े की छावनी में गुरु तेग बहादुर के शहीदी पर्व को समर्पित शनिवार को महान संत सम्मेलन होगा।पीलीभीत जिले के बरखेड़ा विधायक ने 21 साल पहले गृहस्थ जीवन को छोड़ दिया था। अब उनका महाकुंभ में महामंडलेश्वर पद पर पट्टाभिषेक कराया जाएगा।

## तेजी से बढ़ रहे मतदाता, देश में 99.1 करोड़ हुई वोटर्स की संख्या




**नई दिल्ली।** भारत में मतदाताओं की संख्या अब 99.1 करोड़ हो गई है, जो पिछले वर्ष लोकसभा चुनाव के समय 96.88 करोड़ थी। इसकी जानकारी चुनाव आयोग के आंकड़ों में दी गई है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस से पहले जारी एक बयान में, चुनाव आयोग ने बुधवार को कहा कि मतदाता सूची युवा और लिंग-संतुलित दिखती है, जिसमें 18-29 आयु वर्ग के 21.7 करोड़ मतदाता हैं और मतदाता लिंग अनुपात 2024 में 948 से छह अंक बढ़कर 2025 में 954 हो गया है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर वर्ष 25 जनवरी को निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसकी स्थापना 1950 में इसी दिन हुई थी। 7 जनवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने कहा था कि भारत जल्द ही एक अरब से अधिक मतदाताओं का नया रिकॉर्ड बनाएगा। न्होंने कहा था, मतदाता सूची कल (6 जनवरी) जारी की गई। हमारे मतदाताओं की संख्या 99 करोड़ को पार कर गई है... हम बहुत जल्द एक अरब मतदाताओं वाला देश बनने जा रहे हैं, जो मतदान का एक और रिकॉर्ड होगा।

### मप्र में सिविल जज भर्ती 2022 पर हाईकोर्ट का स्टे

जबलपुर। मध्यप्रदेश सिविल जज भर्ती परीक्षा को लेकर हाईकोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सिविल जज भर्ती परीक्षा 2022 पर रोक लगा दी है। याचिका के माध्यम से सिविल जज भर्ती परीक्षा विज्ञापन पर आपत्ति जताई गई थी। हाईकोर्ट में सिविल जज भर्ती परीक्षा 2022 के विज्ञापन और शुद्धि पत्र की संवैधानिकता और ओबीसी, एससी-एसटी वर्ग को प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा में अंकों में रियायत न दिए जाने के विरोध में याचिका दायर की गई थी। यह याचिका एडवोकेट यूनियन फार डेमोक्रेसी एन्ड शोसल जस्टिस नाम की संस्था ने दायर की थी। 24 जनवरी को हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की खंडपीठ ने इस मामले पर बड़ा फैसला सुनाया। वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर और विनायक प्रसाद शाह द्वारा अदालत को बताया गया कि, मध्यप्रदेश सिविल जज भर्ती नियम परीक्षा, नियम 1994 और अनुच्छेद 335 का उल्लंघन करता है।

## एमपी बोर्ड ने 12वीं की परीक्षा के टाइम टेबल में किया बदलाव

19 मार्च को होने वाली परीक्षाएं अब 21 मार्च को



भोपाल। एमपी बोर्ड ने हायर सेकेंडरी परीक्षा 2025 के टाइम टेबल में संशोधन किया है। हाईस्कूल परीक्षा कार्यक्रम में दिनांक 19 मार्च 2025 को आयोजित विज्ञान विषय की परीक्षा अब दिनांक 21 मार्च 2025 दिन शुक्रवार, को आयोजित की जाएगी। इसी तरह हायर सेकण्डरी परीक्षा की 19 मार्च 2025 बुधवार को आयोजि नेशनल स्कूल क्वालीफिकेशन फ्रेम वर्क का पेपर अब यह पेपर 21 मार्च को होगा। दरअसल एमपी बोर्ड ने हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा 2025 की तारीखों की घोषणा करीब 6 महीने पहले की थी। हाई स्कूल की परीक्षा 27 फरवरी से शुरू होकर 19 मार्च को खत्म होगी। हायर सेकेंडरी परीक्षा 25 फरवरी से शुरू होगी और 25 मार्च को खत्म होगी। इससे पहले पिछले 2023-24 सत्र में एमपी बोर्ड की 10वीं-12वीं परीक्षा की तारीखों का ऐलान 2 अगस्त 2023 को किया गया था। दरअसल बीते सत्र में 10वीं-12वीं की परीक्षा 18.22 लाख स्टूडेंट ने दी थी। 10वीं की बोर्ड परीक्षा 9 लाख 65 हजार छात्रों ने दी थी। इस परीक्षा के लिए प्रदेशभर में कुल 3,868 एग्जाम सेंटर बनाए गए थे। वहीं, 12वीं की बोर्ड परीक्षा 7,501 केंद्रों पर हुई थी। इसमें 8 लाख 57 हजार स्टूडेंट्स शामिल हुए थे।

## सेना की हथियार फैक्ट्री में धमाके से गिरी छत, 8 लोगों की मौत



**भंडारा।** महाराष्ट्र के भंडारा में सेना की हथियार फैक्ट्री में धमाका हो गया, जिससे एक परिसर की छत गिर गई। इस भीषण हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। जानकारी के अनुसार कुल 15 लोग छत के नीचे दब गए थे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि इस हादसे में 8 लोग मारे गए हैं, जबकि 7 घायल हैं। उन्होंने कहा कि भंडारा की हथियार फैक्ट्री में बड़ा ब्लास्ट हुआ। इस हादसे में 8 लोग मारे गए हैं, जबकि 7 को बचाया गया है। भंडारा के कलेक्टर संजय कोलटे ने भी यह जानकारी दी है। नागपुर स्थित डिफेंस के पीआरओ ने बताया कि यह ब्लास्ट शुक्रवार सुबह हुआ। इसके बाद लोगों को बचाने के लिए मेडिकल और रेस्क्यू टीम को भेजा गया। यह हादसा भंडारा के जवाहर नगर में हुआ है। जेसीबी की मदद से मलबा हटाकर लोगों को निकाला गया।

धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनी गई। धमाके के बाद लोहे और पत्थर के टुकड़े दूर-दूर बिखरे हुए दिखाई दिए। वहीं, ब्लास्ट के बाद धुआं आसमान में दूर तक उठता हुआ देखा गया। लोगों ने बताया कि धमाके के बाद फैक्ट्री में आग लग गई। विस्फोट के कारणों का पता नहीं चल सका है। विस्फोट की वजह से आसपास के क्षेत्र में भारी भीड़ जमा हो गई। हालात काबू में लाने के लिए सुरक्षा बलों को तैनात किया गया। कलेक्टर और एसपी मौके पर पहुंचे। इसके अलावा सभी जरूरी मदद पहुंचाई गई। एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर बचाव कार्य में जुटी रही। डिफेंस फोर्सेज के साथ मिलकर जिला प्रशासन ने काम किया। इसके अलावा मेडिकल असिस्टेंस के लिए भी टीमों को तैनात किया गया।

# अंबेडकर प्रतिमा हटाकर पांव में रखी, भड़के लोग

**सिटी चीफ इंदौर।**

इंदौर। इंदौर में संत रविदास और डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाएं हटाए जाने पर लोग भड़क गए हैं। नगर निगम ने आरई-2 से इन प्रतिमाओं को हटाया जिस पर बवाल हो रहा है। इसे लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह ने भी कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने नगर निगम और जिला प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रतिमाओं को बिना किसी नोटिस के हटाया गया है। दिग्विजयसिंह ने दावा किया कि जिन प्रतिमाओं का अनावरण भाजपा विधायक महेंद्र हार्डिया ने किया था, उन्हें हटाने पर हार्डिया सहित किसी भी भाजपा नेता ने विरोध नहीं किया। प्रशासन और निगम ने बिना किसी पूर्व सूचना के विधानसभा क्षेत्र-5 स्थित आरई-2 से इन प्रतिमाओं को हटाया है। हालांकि, विधायक महेंद्र हार्डिया ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने इन प्रतिमाओं का अनावरण नहीं किया था। उन्होंने बताया कि वे केवल एक बार किसी परिचय सम्मेलन में गए थे, जहां उन्होंने प्रतिमाओं पर पुष्प माला चढ़ाकर प्रणाम किया था। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें जानकारी नहीं है कि





प्रतिमाएं कब और क्यों हटाई गई हैं। वर्तमान में शहर से बाहर होने की बात कहते हुए हार्डिया ने यह आश्वासन दिया कि इंदौर लौटने पर वे पूरे मामले को समझेंगे। दिग्विजयसिंह ने आगे आरोप लगाया कि दोनों प्रतिमाओं को जीप में पैरों के नीचे रखकर ले जाया गया, जो बेहद अपमानजनक है। उन्होंने मांग की है कि दोनों प्रतिमाओं को सम्मानपूर्वक फिर से स्थापित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस कमिश्नर से इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

**झुग्गियों को हटाते वक्त भी हुआ था विवाद**

आरई-2 के लिए कुछ दिन पहले झुग्गी बस्तियां भी हटाई गई थी। उस समय भी बहुत बवाल हुआ था। वहां पर रहने वाले लोगों का कहना था कि वे 40 साल से अधिक समय से वहां पर रह रहे हैं और उन्हें बिना कोई जगह दिए ही हटा दिया। हालांकि निगम का कहना है कि सभी को निगम द्वारा बनाए गए फ्लैट दिए गए उसके बाद ही उन्हें हटाया गया।

**निगम-प्रशासन ने कहा अवैध कब्जा किया जा रहा था**

दिग्विजयसिंह के प्रतिमा हटाने वाले स्थान पर जाने के बाद निगम और प्रशासन की ओर से कार्रवाई को लेकर स्पष्टीकरण जारी किया गया। इसमें कहा गया कि पिपल्याहाना के सर्वे नंबर 644 रकबा 4.905 चरनोई की जमीन पर हुए अवैध कब्जे को हटा दिया है। यह कार्रवाई जिला प्रशासन व नगर निगम की टीम ने संयुक्त रूप से की है। एसडीएम घनश्याम धनगर ने बताया कि उक्त भूमि पर दो पक्के चबूतरे बनाकर उन पर मूर्ति स्थापित कर व शौचालय, टीनशेड बनाकर अतिक्रमण किया गया है। तहसीलदार लोकेश आहूजा ने कलेक्टर के आदेश पर नगर निगम के साथ इस जमीन से अतिक्रमण हटा दिया। इस जमीन का बाजार मूल्य 40 करोड़ से भी अधिक है। जांच में यह भी बात सामने आई कि वर्ष 2019 में भी अवैध कब्जे का प्रयास किया गया था एवं स्थानीय रहवासियों के अनुसार यहां कच्चा शमशान था जो कि राजस्व रिकॉर्ड में शासकीय चरनोई की मद में दर्ज है।

**घटनास्थल पर पहुंचे दिग्विजयसिंह**

दिग्विजयसिंह पिपलियाहाना स्थित उस जगह पहुंचे जहां से संत रविदास और भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाएं हटाई गई हैं। दिग्विजयसिंह ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि जिस जगह पर मूर्तियां लगी थीं, वहां मैं आज शुक्रवार सुबह गया था।

वहां मंदिर-आश्रम भी है, दुकानें भी हैं, लेकिन उन्हें नहीं हटाया। वहां दुकानों पर केवल नोटिस चस्पा किए गए हैं। निगम और प्रशासन ने केवल दोनों प्रतिमाएं ही हटाईं। उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि यदि सरकारी जमीन है तो उसे पूरी तरह से मुक्त कराया जाना चाहिए। इससे पहले दिग्विजयसिंह ने ट्वीट कर प्रतिमाएं हटाए जाने का विरोध किया था। उन्होंने नगर निगम और जिला प्रशासन पर साठगांठ करके प्रतिमाएं हटाने का आरोप लगाया।

# दिग्विजय बोले- धार्मिक शहरों में जुआ सट्टा और स्मैक पर भी पाबंदी लगे

**सिटी चीफ इंदौर।**

इंदौर। मप्र के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह शुक्रवार को इंदौर आए। 27 जनवरी को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी महू (इंदौर) आ रहे हैं। उनके आने की तैयारियों का जायजा लेने के लिए वे यहां पहुंचे। यहां पर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि संविधान हमें सिखाता है कि पिछड़ों को आगे लाओ और सभी धर्मों का सम्मान करो लेकिन आरएसएस वाले इससे हटकर नफरत का माहौल कायम करते हैं। दिल्ली चुनाव में इंडिया गठबंधन को लेकर पूर्व सीएम ने कहा कि, ये लोकल चुनाव है। स्थानीय मुद्दों पर लड़ रहे हैं। पहली बार हमने आम आदमी को सरकार बनाने में मदद की। उन्होंने कहा कि जय बापू जय भीम जय संविधान यात्रा में दो लाख से अधिक लोगों के जुटने का अनुमान है। यहां खड़गे, राहुल और प्रियंका तीनों संबोधित करेंगे।



**जीतू पटवारी के कैंसर वाले बयान पर यह बोले**

धार्मिक शहरों में शराब बंदी पर बोले कि इन शहरों में जुआ, सट्टा और स्मैक पर भी प्रतिबंध लगना चाहिए। भाजपा पार्षद विवाद पर बोले कि दोनों ही पार्षद भाजपा के हैं, ये उनका अंदरूनी मामला है। जिसने पीटा उसके आका मजबूत होंगे और जो पिटाया उसके आका कमजोर होंगे। जीतू पटवारी के कांग्रेस में कैंसर वाले बयान पर कहा कि जीतू पटवारी ने जो कहा सोच समझकर कहा होगा।

**कचरा वहीं जलेगा, वहां बिल्डरों की बहुत रुचि है**

दिग्विजय ने यूनियन कार्बाइड के कचरे पर कहा कि यूका कचरे को वहीं खत्म कर देना चाहिए। मुझे कोई बता रहा था वहां कोई बिल्डर रुचि ले रहा है, उनके लिए जमीन खाली करवा रहे हैं। दिल्ली चुनाव में गठबंधन पर ये लोकल चुनाव है। स्थानीय मुद्दों पर लड़ रहे हैं। पहली बार हमने आम आदमी को सरकार बनाने में मदद की। कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति पर बोले कि विपक्ष की राजनीति अलग ढंग से की जाती है। जिन लोगों को धंधा नहीं करना है ठेके नहीं लेने हैं, वे विपक्ष की राजनीति कर सकते हैं क्या? जिन लोगों को लगा कि सत्ता हमारी नहीं है वे चले गए।

**भ्रष्ट अधिकारी भाजपा के पेड कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे**

परिवहन बाबू सौरभ शर्मा को लेकर बोले कि सौरभ को लोकायुक्त, ईडी, आईटी सब ढूंढ रहे हैं। ये नमूना है भाजपा की मॉडल ऑफ गवर्नेंस का। सरकारी कर्मचारी-अफसरों को लगता है कि कांग्रेस की सरकार आ जाएगी तो हमारे खिलाफ कार्रवाई होगी। इसलिए सभी के सभी बेईमान-भ्रष्ट अधिकारी-कर्मचारी भाजपा के पेड कार्यकर्ता के रूप में काम करते हैं। पुलिस, रेवेन्यू सभी विभागों के अधिकारी भाजपा के लिए काम करते हैं।

# बेटी से चार साल से रेप कर रहे सौतेले पिता को तिहरी उम्रकैद

**सिटी चीफ इंदौर।**

इंदौर। कोर्ट ने नाबालिग बेटी के साथ रेप करने वाले सौतेले पिता को तिहरे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने फैसले में तल्ख टिप्पणी की और कहा कि इस तरह के मामलों में दयादृष्टि नहीं दिखानी चाहिए। इसमें पिता और पुत्री के पवित्र रिश्ते को कलंकित किया गया है। घटना के समय पीड़िता कक्षा 9वीं में पढ़ती थी और 10 जनवरी 2023 को वह परीक्षा देने स्कूल गई थी। परीक्षा देते समय वह बहुत उदास थी, जिसे टीचर ने नोटिस किया। स्कूल की टीचर ने उससे उदासी का कारण पूछा तब उसने बताया कि सुबह 6.30 बजे घर के लोग सो रहे थे, उस समय उसका सौतेला पिता उसे अपने साथ किचन में ले गया और उसके साथ गलत काम किया। सौतेले पिता ने 5 जनवरी 2023 को भी उसे स्कूल आने नहीं दिया और घर में अकेला पाकर उसके साथ गलत काम किया था। इस कारण वह उस दिन परीक्षा देने स्कूल नहीं आई थी। यह भी बताया कि जब वह कक्षा 5वीं में थी, तब से सौतेला पिता उसके साथ गलत काम कर रहा है।

**टीचर ने चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचना दी**

पीड़िता की बात सुनकर टीचर ने प्रिंसिपल को बच्ची के साथ हो रही गलत हरकत की जानकारी दी।

जिसके बाद प्रिंसिपल ने चाइल्ड हेल्प लाइन को सूचना देकर बुलाया। पीड़िता को टीम के साथ थाना आजाद नगर भेजा गया। वहां पर उसने सौतेले पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी पिता के खिलाफ धारा 342, 374(2) (एन), 376(3), 376(2) (एफ), 376 (एबी), 376(2) (के), 506, 354, 313 भादंवि और 5 (पी) (एल)/6 एवं 9 (एन (पी)/10 पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया गया था। विवेचना दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया। फिर कोर्ट में चालान पेश किया।

**चार लाख रुपए प्रतिकर स्वरूप दिलाने के निर्देश दिए**

इंदौर जिला अभियोजन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि 21 जनवरी को स्पेशल कोर्ट (पॉक्सो एक्ट) ने सौतेले पिता धारा 376एबी और धारा 5 (एल)/6, 5 (एन)/6 पॉक्सो एक्ट में तिहरा आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ 30 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक सुशीला राठौर ने की है। कोर्ट ने पीड़िता को आई शारीरिक व मानसिक क्षति को दृष्टिगत रखते हुए उसे राशि 4 लाख रुपए प्रतिकर स्वरूप दिलाए जाने के लिए निर्देशित किया है।

# कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों का लिया जायजा

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर में करेंगे ध्वजारोहण

इंदौर। इंदौर में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह 26 जनवरी, रविवार को सुबह 9 बजे नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ध्वजारोहण करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। शुक्रवार को कलेक्टर आशीष सिंह ने नेहरू स्टेडियम पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियां राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुरूप की जाएं। शुक्रवार सुबह नेहरू स्टेडियम में समारोह का फाइनल रिहर्सल भी हुआ। इस दौरान विभिन्न प्लाटूनों ने परेड का अभ्यास किया और बैंड की धुन पर कदम ताल मिलाते हुए परेड का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक



कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास भी किया गया। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा, अपर कलेक्टर रोशन राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह में परेड के साथ विभिन्न विभागों द्वारा राज्य शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों पर आधारित झांकियां निकाली जाएंगी। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर आईपीएस आदित्य सिंघानिया करेंगे। उनका अनुकरण टूआईसी सुबेदार पूजा पाटीदार करेंगी।

परेड में सीमा सुरक्षा बल (सशस्त्र), आरएपीटीसी, प्रथम वाहिनी विशेष सशस्त्र बल (प्रथम बटालियन), 15वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस (पुरुष) जिला पुलिस बल (महिला) जिला होमगार्ड सशस्त्र, जिला यातायात पुलिस बल, वन विभाग, एनसीसी, शौर्य दल, स्काउट, गाइड, रेडक्रॉस और सृजन दल आदि प्लाटून शामिल होंगे। साथ ही बैंड भी परेड में शामिल रहेगा। मुख्य कार्यक्रम 9 बजे शुरू होगा। मुख्यमंत्री परेड की सलामी लेंगे। विभिन्न प्लाटून आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत करेंगे। स्कूली बच्चे देश भक्ति गीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगे। मुख्य अतिथि जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों और संस्थाओं को पुरस्कृत भी करेंगे।

# कितनी आत्महत्याएं और चाहिए ?

*इंदौर पहले अतुल सुभाष, अब इंदौर में नितिन पडियार, आगे अब और कितने पुरुष आत्महत्या करेंगे तब हम जागेंगे मीडिया से मेरा यह अनुरोध है कि कृपया यह वीडियो देखिए और बताईए हमारे इस लोकतांत्रिक देश में पुरूषों की ऐसी दुर्दशा क्यों हो रही है ? हम स्त्रियों का सम्मान करते आए है ! पर हम पुरूषों के लिए भी न्याय की मांग करते है, मेरा देश के समस्त जागरुक मीडिया के समाचार पत्रों और टीवी चैनलों से सादर निवेदन है कि स्त्री के पक्ष में बनाए गए कानूनों के दुरुपयोग से असंख्य निर्दोष पुरुषों पर हो रहे अत्याचारों को तुरंत रोके, सादर धन्यवाद - स्वामी उज्जवल, इंदौर*



# पहला मामला...भीख देने और लेने वाले पर दर्ज हुई एफआईआर

## दोषी पाए जाने पर होगी एक साल की जेल

**सिटी चीफ इंदौर।**

इंदौर। इंदौर में भीख देने वाले अब सावधान रहें। उन पर केस दर्ज हो सकता है। शुक्रवार को भीख देने के मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। एफआईआर में व्यक्ति का गाड़ी नंबर भी दर्ज है। भीख लेने वाले के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज हुआ है। इंदौर को भिक्षावृत्ति से मुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत भिक्षा लेने और देने वाले दोनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी सिलसिले में भिक्षा लेने और देने के दो अलग-अलग मामलों में एफआईआर दर्ज कराई गई है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा इंदौर में भिक्षा लेने और देने दोनों को प्रतिबंधित किया गया है। गुरुवार को फरियादी भिक्षावृत्ति उन्मूलन दल अधिकारी फूल सिंह पिता मांगीलाल ने थाना भंवरकुआं में आरोपी मुकेश पिता बालाराम (48) निवासी भावना नगर खंडवा नाका के खिलाफ केस दर्ज कराया। आवेदन के अनुसार सोनाबाई पति बलराम निवासी, 146 भावना नगर पालदा इंदौर द्वारा लगातार भंवरकुआं चौराहे में भिक्षावृत्ति की जा रही है। इसके पहले उनके पुत्र मुकेश से शपथ पत्र प्रस्तुत करने पर एक वर्ष पूर्व इनको समझाइश देकर छोड़ा गया था। इसके बाद दो बार भंवरकुआं चौराहे पर स्थित मंदिर में भिक्षावृत्ति करते हुए रेस्क्यू दल द्वारा इनको पकड़ा गया। गुरुवार को वह फिर भीख मांगते नजर आई तो भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत किए गए प्रतिबंधित आदेश के उल्लंघन पर सोनाबाई पति बलराम के लिए शपथ पत्र प्रस्तुत कर जिम्मेदारी लेने वाले उसके पुत्र मुकेश पर प्रकरण दर्ज कराया गया। भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत व्यक्ति को दोषी पाए जाने पर एक वर्ष तक के कारावास की सजा हो सकती है या पांच हजार रुपए का जुमार्ना लगाया जा सकता है या जेल की सजा व जुमार्ना दोनों हो सकते हैं।

**एक मामला यह भी**

इसी तरह एक अन्य मामले में फरियादी भिक्षावृत्ति उन्मूलन दल अधिकारी फूल सिंह पिता मांगीलाल ने थाना भंवरकुआं में उपस्थित होकर एफआईआर दर्ज कराई।

इस प्रकरण में बताया गया कि यह प्रकरण अज्ञात आरोपी के खिलाफ दर्ज कराया गया है। प्रकरण के अनुसार 21 जनवरी को खंडवा नाका में रोड के किनारे बने हनुमान मंदिर में एक अज्ञात युवक द्वारा मंदिर के सामने बैठी भिक्षुक को भिक्षा देकर प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन किया गया है। इस पर अपराध धारा 223 बी एन एस का प्रकरण पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**भिक्षावृत्ति मुक्त शहर बनाने का लक्ष्य**

अधिकारियों के मुताबिक, इंदौर को देश का पहला भिक्षावृत्ति मुक्त शहर बनाने का लक्ष्य तय करने वाले प्रशासन ने भीख लेने के साथ ही भीख देने और भिखारियों से कोई सामान खरीदने पर कानूनी रोक लगा रखी है। उन्होंने बताया कि इस प्रतिबंध के उल्लंघन पर प्राथमिकी दर्ज किए जाने का प्रावधान किया गया है।

**सूचना देने पर मिलते हैं 1000 रुपए**

अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन ने भिक्षावृत्ति की सही सूचना देने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन राशि के रूप में 1,000 रुपए का इनाम देने की घोषणा भी की है और कई लोगों को यह पुरस्कार दिया जा चुका है। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने देश के 10 शहरों को भिक्षुकमुक्त बनाए जाने की प्रायोगिक (पायलट) परियोजना शुरू की है जिनमें इंदौर शामिल है।

# महू में भीड़ जुटाने एनएसयूआई कॉलेजों में बांट रही पीले चावल

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। मध्य प्रदेश के महू में 27 जनवरी को होने वाले जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान में भीड जुटाने लिए प्रदेश भर में कांग्रेसी ताकत झोंक रहे हैं। इसी कडी में अब कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई भी मौदान में उतर आई हैं। एनएसयूआई कॉलेजों में छात्रों को पीले चावल बांट कर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रही है। कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई ने प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य सोनी के नेतृत्व में शुक्रवार को गोविंदपुरा स्थित शासकीय बाबू लाल गौर महाविद्यालय में छात्रों को पीले चावल देकर अभियान में शामिल होने और इससे जुड़ने की अपील की गई। ठरवक उपाध्यक्ष विदुषी शर्मा ने बताया कांग्रेस पार्टी के द्वारा जय बापू जय भीम जय संविधान अभियान की शुरुआत दिनांक 27 जनवरी को बाबा साहब भीम राव अंबेडकर जी की जन्मस्थली महू से लोकसभा नेता विपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में होने वाली है। जिसे लेकर आज हमने शासकीय बाबू लाल गौर महाविद्यालय में छात्रों को अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए पीले चावल देकर आमंत्रित किया। जिस प्रकार से महात्मा गांधी, बाबा साहब भीम राव अंबेडकर जी एवं संविधान को देश में अनदेखा किया जा रहा है उसके विरोध में इस अभियान के महत्व छात्रों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान जिला महासचिव पीयूष पवार, अनुज वर्मा, अजय उइके, रेहान अहमद, हेमप्रकाश वर्मा,सूर्यांश कौरव, ऋषभ बथु , प्रवीण कुमार,चीनू मिश्रा, प्रिंस राज, प्रकाश यादव, राजीव रंजन, राघवेंद्र वर्मा सहित अन्य साथी मौजूद रहे।



**प्रियंका, राहुल गांधी और खड़गे होंगे शामिल**
महू में होने वाले रैली को लेकर उज्जैन कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को बैठक की गई। जिसमें महू जाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को शामिल होने के लिए योजना बनाई गई। इस मौके पर प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नूरी खान ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि, 27 जनवरी को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली महू से जय बापू-जय भीम-जय संविधान अभियान रैली के आगाज किया जाएगा। जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी और प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के साथ लाखों की संख्या में कार्यकर्ता और संविधान को मानने वाले अनुयायी शामिल होंगे।

**भाजपा उड़ा रही संविधान का मजाक**
नूरी खान ने कहा कि, केंद्र की भाजपा सरकार में बैठे मंत्री और पूरी भाजपा संविधान का मजाक उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। बीते दिनों देश के गृह मंत्री द्वारा संसद में अंबेडकर जी का जिस तरह अपमान किया गया, वह अपमान देश के दलित, शोषित, आदिवासी, गरीब, मजदूर, पिछड़ा वर्ग के लोगों का ही नहीं, देश की हर विचारधारा, हर वर्ग का अपमान है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उज्जैन से करीब 300 गाड़ियों से महू जाने का लक्ष्य रखा है। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल होंगे।

**माफी मांगने के लिए विवश करेंगे**
आगे नूरी खान ने कहा कि, राहुल गांधी ने संविधान रक्षा और सम्मान के लिए जो संकल्प लिया, उनके उस संकल्प में कांग्रेस के हर वरिष्ठ नेता, देश भर का कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता और संविधान के लिए एकत्रित होकर जय बापू-जय भीम-जय संविधान अभियान में पूरे उत्साह के साथ शामिल होगा और प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद कर संविधान और बाबा साहेब का अपमान करने पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के लिए उन्हें विवश करेगा।

# 600 स्टूडेंट्स की फीस लेकर फरार हुआ फिटजी, कोचिंग पर लगा ताला

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल।भोपाल के एमपी नगर क्षेत्र में ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) की तैयारी कराने वाली दिल्ली की फिटजी कोचिंग की भोपाल ब्रांच बीते एक माह से ज्यादा समय से बंद है। यहां कोई फैकल्टी पढ़ाने नहीं आ रही है। कोचिंग में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों ने कोचिंग संचालक पर फीस हड़पने का आरोप लगाया है। महीनेभर से कोचिंग बंद होने के बाद एक बार फिर छात्रों के अभिभावकों में कोचिंग के बाहर हंगामा करते हुए प्रदर्शन किया। फिटजी के खिलाफ अभिभावकों ने कलेक्टर और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि संस्थान में करीब 600 बच्चों ने एडमिशन लिया था। अभिभावकों के बच्चों की फीस जमा कराने के बाद कोचिंग बंद कर दी गई। शिकायत में कहा गया है कि उनके साथ ठगी हुई है। इससे पहले 14 दिसंबर को एमपी नगर थाने में मामला दर्ज करवाया था। करीब 100 अभिभावकों ने बयान दर्ज करवा दिए हैं।




**परीक्षा के दौर में स्टूडेंट्स पर आफत**
अगले माह से बच्चों की परीक्षाएं शुरू होने वाली है। परीक्षा के दौर में कोचिंग इंस्टीट्यूट ने स्टूडेंट के सामने आफत खड़ी हो गई है। अभिभावकों का कहना है कि दिसंबर के पहले पहले सप्ताह तक कक्षाएं जारी थीं। इसके बाद संस्थान ने मैसेज भेजकर ऑनलाइन क्लास का आश्वासन दिया, लेकिन जब पेरेंट्स कोचिंग पहुंचे, तो पता चला कि सभी शिक्षकों ने वेतन न मिलने के कारण इस्तीफा दे दिया है। अभिभावकों ने बताया कि फिटजी के इंटीग्रेटेड कोर्स में स्टूडेंट ने हिस्सा लिया था। दिसंबर के पहले सप्ताह में जानकारी मिली कि फिटजी कोचिंग बंद हो गई है। इस घटना से लगभग करीब 600 अभिभावकों के पैसे फंस गए हैं।

**चेयरमैन सहित 4 पर केस दर्ज**
बता दें, पिछले महीने दिसंबर में पुलिस ने फिटजी कोचिंग संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। मामले में छात्रों और उनके अभिभावकों की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए शासन की ओर से फिटजी कोचिंग के चेयरमैन डीके गोयल, सीओओ मनीष आनंद, सीएफओ राजीव कबब्बर और सुमित श्रीवास्तव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 318 के तहत मामला दर्ज किया है।

**1.5 से 3 लाख रुपए फीस**
दिल्ली की फिटजी कोचिंग की भोपाल ब्रांच में करीब 600 स्टूडेंट्स के एडमिशन हैं। प्रति स्टूडेंट डेढ़ से 3 लाख रुपए फीस ली गई है। मामले की शिकायत भोपाल कलेक्टर को की गई थी। वहीं दूसरी ओर कोचिंग क्लासेस में पढ़ाने वाले शिक्षकों ने भी कलेक्टर को ज्ञापन देकर सैलरी दिलाए जाने की मांग की थी।

**करीब सवा महीने से बंद है भोपाल ब्रांच**
एमपी नगर जोन-2 में संचालित फिटजी कोचिंग की भोपाल ब्रांच करीब सवा महीने से बंद है। यहां कोई फैकल्टी पढ़ाने नहीं आ रही है। इसे लेकर पिछले महीने 14 दिसम्बर को छात्रों व उनके अभिभावकों ने हंगामा कर एमपी नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। छात्र और उनके अभिभावकों ने कोचिंग संचालक के खिलाफ फीस के रुपए हड़पने के आरोप लगाते हुए शिकायती आवेदन दिया था।

## क्रय-विक्रय पर लगाया प्रतिबंध

# 10 सहकारी समितियों में थे उर्वरकों के अमानक लॉट

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा उर्वरक गुण नियंत्रण कार्यक्रम रथी के तहत रबी सीजन के मद्देनजर संपूर्ण जिले में भ्रमण कर उर्वरक व कीटनाशक विक्रेताओं के यहां से 300 से अधिक सैंपल लेकर जांच के लिए लैबोरेट्री में भेजे गए। इसमें प्रथम चरण में प्राप्त जांच के दौरान पाया कि 10 सेवा सहकारी समितियों के रखे उर्वरक अमानक हैं। इसके चलते इनके क्रय-विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जा चुका है। साथ ही 4 उर्वरक व 2 कीटनाशक विक्रेताओं के यहां से लिए गए सैंपल अमानक होने पर इसके लाइसेंस निरस्ती की कार्रवाई की गई। उप संचालक कृषि केके पाण्डे ने बताया कि प्रतिवर्ष खरीफ व रबी सीजन से पहले कृषि विभाग द्वारा उर्वरकों व कीटनाशक दवाओं की सैंपलिंग की जाती है, जिससे कि किसानों के पास सहीं उर्वरक पहुंच सके। इस वर्ष भी लगभग 300 से अधिक सैंपल लिए गए हैं, जिनकी क्रमबद्ध रिपोर्ट लैब से प्राप्त हो रही हैं। इसी क्रम में जिले की 10 सेवा सहकारी समिति में कंपनियों से आए उर्वरकों की जांच में सामने आया कि यहां पर अमानक उर्वरक कंपनियों द्वारा भेजा गया था, जिसके चलते फिलहाल इनके क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया हैं। इनमें बुधनी की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सत्रामऊ, मरदानपुर, भैरूंदा क्षेत्र की सेवा सहकारी समिति बालागांव, इटारसी, निमोटा, लाडकुई, बाईबोड़ी के अतिरिक्त आष्टा क्षेत्र की हकीमाबाद, जावर, इछावर क्षेत्र की अमलाहा को अमानक लॉट के क्रय क्रय-विक्रय एवं स्थानांतरण पर प्रतिबंध लगाया गया है। कृषि विभाग ने चार उर्वरक और विक्रेता मेसर्स अमित कृषि सेवा केंद्र जमोनिया सीहोर, यशराज ट्रेडर्स अलीपुर आष्टा, निवेश कृषि सेवा केंद्र गोपालपुर, मेसर्स रामचंद्र गोर्वधन लाल मेन रोड जावर पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की। आगे भी इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी। इसी प्रकार अमानक कीटनाशक का व्यवसाय करने पर मेसर्स मां पीताम्बरा ट्रेडर्स डोबी विकास खण्ड बुधनी, मेसर्स शर्मा कृषि सेवा केन्द्र, शाहगंज विकास खण्ड बुधनी को जारी पौध संरक्षण अनुज्ञप्ति उप संचालक पदेन अनुज्ञापन अधिकारी (पौ.सं.) किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला सीहोर द्वारा निरस्त की गई। यह कार्यवाही कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं नियम 1971 के प्रावधानों के तहत की गई है।

# बावड़ियां कलां से आशिमा मॉल तक बनेगा 733 मीटर लंबा रेलवे ओवर ब्रिज

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। भोपाल के सबसे बड़े फ्लाईओवर की सौगात के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक और सौगात दी है। मोहन कैबिनेट ने बावड़ियां कलां अपोलो सेज अस्पताल से नर्मदापुरम रोड आशिमा मॉल तक 733 मीटर लंबे रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) को स्वीकृति दी है। इसके साथ ही 310 मीटर एप्रोच रोड का निर्माण किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के आरओबी और एप्रोच रोड के लिए कैबिनेट ने 180 करोड़ रुपए की स्वीकृति अतिरिक्त बीओएस की सीमा अंतर्गत दी गई है। इस ब्रिज के बनने से होशंगाबाद रोड से आने वाले लोगों के लिए मिसरोद से सलैया, रोहित नगर, कोलार तक सीधी एप्रोच होगी। इससे करीब चार लाख की आबादी को सीधा फायदा होगा। इस ब्रिज के बनने से अभी दाना पानी रेस्टोरेंट के पास ब्रिज के पास लगने वाले जाम से भी लोगों को राहत मिलेगी। इसके बनने के बाद कोलार से बावड़ियां कलां आकर सीधे आरओबी के उपयोग से आशिमा मॉल के पास नर्मदापुरम पहुंच जाएंगे। इससे रेलवे लाइन के दोनों तरह के क्षेत्र आपस में जुड़ जाएंगे। बता दें एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डॉ. भीमराव अंबेडकर फ्लाईओवर को लोकार्पण पर बावड़ियां कलां से नर्मदापुरम तक रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण को स्वीकृति देने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री ने बावड़ियां कलां में लगने वाले जाम का भी जिक्र किया था। नर्मदापुरम रोड से रोहित नगर, सैलया और कोलार की तरफ आने-जाने वाली जनता को रोजाना जाम का सामना करना पड़ता है। इस क्षेत्र में लंबे समय से एक नए ब्रिज की मांग की जा रही थी। इसका मुद्दा कई बार उठा और मुख्यमंत्री के घोषणा करने के बाद जनता को उम्मीद है कि डेढ़ से दो साल में जाम की समस्या से निजात मिलेगी।




# किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में बोनस दिया जाएगा

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। मध्यप्रदेश सरकार ने किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में बोनस देने की बात कही है। दरअसल, हर वर्ष की तरह सरकार इस बार भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन (खरीदी) करने वाली है। किसानों का पंजीयन प्रारंभ कर दिया गया है। पर इस बार खरीद का लक्ष्य घटा दिया है। बता दें कि पिछले वर्ष भी सरकार ने मध्यप्रदेश में 100 लाख टन उपार्जन का लक्ष्य रखा था। इसी लक्ष्य के हिसाब से बोरे, सिलाई धागा और भुगतान के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से साख की सीमा स्वीकृत कराई थी। गेहूं की खरीदी सिर्फ 48 लाख टन ही हुई थी। इस बात से सीख लेते हुए सरकार ने इस बार खरीदी के लक्ष्य को 20 लाख टन घटा दिया है। इस बार प्रारंभिक रूप से 80 लाख टन के हिसाब से खरीदी की तैयारी चल रही है। वहीं बोवनी का क्षेत्र चार लाख हेक्टेयर बढ़कर 100 लाख हेक्टेयर हो गया है। ऐसे में खरीदी के लक्ष्य को कम करने से कहीं सरकार की फजीहत न हो जाए। इसकी चिंता लोगों को सता रही है। इस बार न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,425 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है, जबकि मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार 125 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देने का ऐलान भी कर चुकी है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष गेहूं का एमएसपी 2,275 रुपये था, तब भी ऊपर से 125 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिया था। इस बार किसानों को कुल 2550 रुपये मिलेंगे। पिछले साल सरकार ने छह लाख 16 हजार किसानों से 48 लाख 38 हजार टन गेहूं खरीदा था, लेकिन उस समय उपज का दाम बाजार में समर्थन मूल्य से अधिक था, जिसके कारण किसानों ने सरकार को देने के स्थान पर या तो बाजार में बेचा या फिर रोककर रख लिया। इसी चिंता को देखते हुए सरकार ने आकलन किया और इस बार के लिए उपार्जन का लक्ष्य सौ लाख टन के स्थान पर घटाकर 80 लाख टन कर दिया।



# मध्यप्रदेश सरकार ने प्रयागराज महाकुंभ में 'एकात्म धाम शिविर' लगाया

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। मध्यप्रदेश सरकार के आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास ने प्रयागराज महाकुंभ में एकात्म धाम शिविर लगाया है। यह शिविर एक महीने के लिए 12 फरवरी तक चलेगा। करीब 3 एकड़ जमीन पर आयोजित शिविर में ओंकारेश्वर में निमार्णाधीन अद्वैत लोक की प्रदर्शनी लगाई है। इसका उद्देश्य अद्वैत वेदांत दर्शन के लोक व्यापीकरण एवं सार्वभौमिक एकात्मता की संकल्पना है। इस शिविर में प्रतिदिन अद्वैत वेदांत पर केंद्रित संवाद, श्रवण, मनन, निधिध्यासन द्वारा ध्यान, शास्त्रार्थ सभा, संत समागम, शंकर संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, वैदिक अनुष्ठान एवं भाष्य पारायण, अद्वैतामृतम, विमर्श सभा, पुस्तक प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र हैं। यह शिविर महाकुंभ क्षेत्र में सेक्टर 18 में लगाया गया है। 25 व 26 जनवरी को शास्त्रार्थ सभा का आयोजन होना है। वहीं 27 जनवरी को संत-समागम का आयोजन होगा। गौरतलब है कि, एकात्मधाम प्रकल्प के अंतर्गत ओंकारेश्वर स्थित ओंकार पर्वत पर आचार्य शंकर की 108 फीट ऊंची 'एकात्मता की मूर्ति' आचार्य शंकर के जीवन तथा दर्शन पर आधारित संग्रहालय 'अद्वैत लोक' एवं अद्वैत वेदांत दर्शन के अध्ययन, शोध व विस्तार के लिए ह्यआचार्य शंकर अंतरराष्ट्रीय अद्वैत वेदांत संस्थानह्ल की स्थापना करते हुए एकात्मता के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।





**महाकुंभ में आएंगे श्रृंगेरी शंकराचार्य, करेंगे अध्यक्षता**
दशनामी संन्यास परंपरा के लाखों साधु-संत, संन्यासी, आचार्य महामंडलेश्वर, महंत सहित आर्ष परंपरा के मनीषी महाकुंभ में शामिल होते है। यह सुखद संयोग है कि इस बार महाकुंभ में पहली बार श्रृंगेरी शंकराचार्य श्री श्री विधुशेखर भारती सन्निधानम आएंगे। वे एकात्म धाम द्वारा 25 एवं 26 जनवरी को आयोजित शास्त्रार्थ सभा एवं 27 जनवरी को आयोजित संत-समागम की अध्यक्षता करेंगे। शास्त्रार्थ सभा में देश-दुनिया के प्रमुख विद्वान आएंगे जो आत्मा, जगत जैसे मनुष्य के जिज्ञास्य विषयों पर चिंतन की अनेक धाराओं के अनुसार विवेचना करेंगे। प्रोफेसर राजाराम शुक्ल (वाराणसी), मणि द्रविड़ शास्त्री (चेन्नई), श्रीहरि शिवराम धायगुड़े (तिरुपति) सहित अनेक विद्वान शामिल होंगे। संत समागम में श्रृंगेरी शंकराचार्य के साथ द्वारिका शंकराचार्य श्री श्री सदानंद सरस्वती, जूनापीठाधीश ?वर आचार्य महामंडलेश्वर स्?वामी अवधेशानंद गिरि महाराज सहित हजारों साधु संत शामिल होंगे।

**नीतिश भारद्वाज शंकर गाथा की देंगे प्रस्तुति**
शिविर में 25 से 27 जनवरी तक स्वामी परमात्मानंद सरस्वती ह्यकठोपनिषदह्ल, 6 फरवरी को स्वामिनी विमलानंद सरस्वती व 7 फरवरी को स्वामी मित्रानंद सरस्वती आचार्य शंकर के जीवन दर्शन पर संवाद करेंगे। 6-7 फरवरी को ही शाम 6 बजे से अभिनेता नीता?श भारद्वाज एवं कोरियोग्राफर मैत्रेयी पहाड़ी शंकर गाथा की प्रस्तुति देंगी। 8 से 12 फरवरी तक राम जन्म भूमि न्यास के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि प्रतिदिन शंकरो लोकशंकर: आचार्य शंकर के जीवन प्रसंग पर कथा करेंगे।

## सम्पादकीय

# जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य जैसी चुनौतियों से पीछे हटता अमेरिका

**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पदभार संभालने के तुरंत बाद दो कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए जो इस बात की तस्दीक करते हैं कि कैसे एक महाशक्ति जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य जैसी महत्त्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों का नेतृत्व करने से कदम पीछे खींच रहा है। इनमें से पहला आदेश, संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क कन्वेंशन के तहत 2015 के पेरिस समझौते से अमेरिका का बाहर निकलना है। वहीं दूसरा आदेश, विश्व स्वास्थ्य संगठन ( डब्ल्यूएचओ ) को छोड़ना है। ये दोनों ही निर्णय ट्रंप के अमेरिका प्रथम ( अमेरिका फर्स्ट ) एजेंडे को दर्शाते हैं। सवाल यह है कि इनसे बाहर निकलने का अमेरिका को क्या फायदा होगा और क्या इससे बाकी दुनिया, खासतौर पर विकासशील देशों पर वाकई कोई असर पड़ेगा जो दुनिया की आबादी का 83 फीसदी हिस्सा हैं।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पदभार संभालने के तुरंत बाद दो कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए जो इस बात की तस्दीक करते हैं कि कैसे एक महाशक्ति जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य जैसी महत्त्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों का नेतृत्व करने से कदम पीछे खींच रहा है। इनमें से पहला आदेश, संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क कन्वेंशन के तहत 2015 के पेरिस समझौते से अमेरिका का बाहर निकलना है। वहीं दूसरा आदेश, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) को छोड़ना है। ये दोनों ही निर्णय ट्रंप के अमेरिका प्रथम (अमेरिका फर्स्ट) एजेंडे को दर्शाते हैं। सवाल यह है कि इनसे बाहर निकलने का अमेरिका को क्या फायदा होगा और क्या इससे बाकी दुनिया, खासतौर पर विकासशील देशों पर वाकई कोई असर पड़ेगा जो दुनिया की आबादी का 83 फीसदी हिस्सा हैं।

सबसे पहले पेरिस समझौते से बाहर निकलने की बात पर आते हैं। पिछली बार जब अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति के तौर पर ट्रंप ने ऐसा किया तब यह कदम विफल रहा क्योंकि उस समय समझौते के मुताबिक किसी देश को समझौते से बाहर होने के लिए चार साल की समय-सीमा की आवश्यकता थी। लेकिन तब तक जो बाइडन अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित हो गए और अमेरिका इस समझौते में फिर से जुड़ गया। इसके अलावा 30 अमेरिकी राज्यों और कई स्थानीय निकायों ने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के कार्यक्रमों पर अमल करना जारी रखा और समझौते का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध रहे। हालांकि अब इस समझौते से निकलने की समयसीमा एक वर्ष है। अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण समझौते में अमेरिका फर्स्ट एजेंडे का कार्यकारी आदेश अन्य देशों में जलवायु परिवर्तन से निपटने और समझौते को अपनाने में अमेरिका के योगदान को सीमित करता है। राष्ट्रपति ट्रंप ने जो बाइडन के कार्यकाल के दौरान स्थापित अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय जलवायु वित्त योजना भी बंद कर दी जिसे बहुपक्षीय और द्विपक्षीय संस्थानों के माध्यम से फंड देने के लिए स्थापित किया गया था ताकि विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों से निपटने में मदद मिल सके।

ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले ही निवेश बैंकों ने ग्रीन फंडों से निकलने के संकेत देने शुरू कर दिए थे जो वैसे भी विकासशील देशों की जरूरतों को पूरा करने में पूरी तरह से अपर्याप्त है और अब तो यह जल्द ही खत्म हो जाएगा। ट्रंप ने ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के प्रभाव से जुड़े सभी शोध रोक दिए हैं और फिर से पेट्रोल-डीजल जैसे जीवाश्म ईंधन पर दोबारा ध्यान केंर्द्रित किया है जिससे 2035 तक ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को 2005 के स्तर से 61-66 फीसदी तक घटाने के अमेरिका के लक्ष्य पर प्रश्नचिह्न लग गया है। वैश्विक तापमान रिकॉर्ड ऊंचाई को छू रहा है और दुनिया के दूसरे सबसे बड़े उत्सर्जन करने वाले देश के द्वारा जलवायु परिवर्तन से जुड़ी कार्रवाई रोकना, जलवायु संकट की गंभीरता के प्रति नकारात्मक संकेत देता है जो ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा बढ़ाने में ऐतिहासिक रूप से जिम्मेदार रहा है। डब्ल्यूएचओ से अमेरिका के निकलने असर जल्द ही महसूस किया जाएगा क्योंकि ट्रंप प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि अमेरिका अपनी सदस्यता शुल्क देना बंद कर देगा जिसे वह अनुचित मानता है। डब्ल्यूएचओ को सबसे ज्यादा फंड अमेरिका ने दिया और अब इसके निर्णय का तत्काल असर यह होगा कि कई महत्त्वपूर्ण वैश्विक शोध कार्यक्रमों की फंडिंग के लिए जोखिम बढ़ जाएगा जो बीमारियों और टीके के विकास के लिए हैं जिनमें चेचक, कोविड, फ्लू और महामारी के चलते उभरने वाली कई बीमारियां शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ के माध्यम से ही अमेरिका गरीब देशों के बच्चों के लिए स्वच्छ जल, भोजन और टीके से जुड़े कार्यक्रमों के लिए मदद देता है। डब्ल्यूएचओ से हटने से अमेरिका भी प्रभावित होगा क्योंकि यह बीमारियों से जुड़े वैश्विक सूचना डेटाबेस से बाहर हो जाएगा जिनमें इन्फ्लुएंजा की नई किस्म भी शामिल है।

# आबादी पर नई नीति और नियंत्रण चाहिए

**विश्व की जनसंख्या पतन की ओर अग्रसर है। जब संपूर्ण विश्व नए साल की खुशियां मनाने में लगा था, तभी दुनिया के सबसे अमीर उद्यमी एलन मस्क ने अपने एक्स पर यह लिखकर सनसनी फैला दी कि विश्व जनसंख्या तेजी से गिरावट की ओर बढ़ रही है। जापान, दक्षिणी कोरिया और चीन जैसे अनेक देशों में यह प्रवृत्ति अधिक दिख रही है। यह ध्यान रखने की बात है कि एलन मस्क अन्य ग्रहों पर मानव बस्ती बसाने की योजना के साथ आगे बढ़ रहे हैं। व्यावसायिक दृष्टि से देखें, तो एक व्यवसायी को सदैव लाभ तभी होता है, जब मौजूदा परेशानियों के चलते लोग अपनी सुविधाओं व अच्छे जीवन के लिए नए उत्पादों और सुविधाओं का उपभोग करना शुरू कर देते हैं।**



विश्व की जनसंख्या पतन की ओर अग्रसर है। जब संपूर्ण विश्व नए साल की खुशियां मनाने में लगा था, तभी दुनिया के सबसे अमीर उद्यमी एलन मस्क ने अपने एक्स पर यह लिखकर सनसनी फैला दी कि विश्व जनसंख्या तेजी से गिरावट की ओर बढ़ रही है। जापान, दक्षिणी कोरिया और चीन जैसे अनेक देशों में यह प्रवृत्ति अधिक दिख रही है। यह ध्यान रखने की बात है कि एलन मस्क अन्य ग्रहों पर मानव बस्ती बसाने की योजना के साथ आगे बढ़ रहे हैं। व्यावसायिक दृष्टि से देखें, तो एक व्यवसायी को सदैव लाभ तभी होता है, जब मौजूदा परेशानियों के चलते लोग अपनी सुविधाओं व अच्छे जीवन के लिए नए उत्पादों और सुविधाओं का उपभोग करना शुरू कर देते हैं। पृथ्वी पर जनसंख्या अधिक होगी, तो परेशानियां भी अधिक होंगी और आप समझ ही सकते हैं कि तब मानव बस्तियां कहां बसाई जाएंगी?

एलन मस्क के कथन को यदि हम कुछ समुदायों या देशों के संबंध में देखें, तो सही प्रतीत होते हैं, क्योंकि जिस समुदाय या देश की प्रजनन दर 2.1 से कम हो जाती है, उसकी जनसंख्या में गिरावट होने लगती है। ऐसा ही वक्तव्य संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भी दिया था, जिसकी भारत में बहुत चर्चा हुई।

यह एक सैद्धांतिक बात है, परंतु यदि हम मानव सभ्यता की प्रगति के इतिहास को देखें, तो कुछ और ही चित्र सामने नजर आता है। जहां मानव सभ्यता को तीन लाख से भी अधिक वर्ष लगे विश्व की जनसंख्या को सन 1804 में सौ करोड़ तक पहुंचाने में, वहीं मात्र अगले 123 वर्ष बाद 1927 में जनसंख्या दोगुनी, यानी दो सौ करोड़ हो गई। अगले 47 वर्ष बाद 1975 में पुनः दोगुनी, यानी चार सौ करोड़ हो गई। 1975 की तुलना में सन् 2021 में विश्व की जनसंख्या में 400 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई और साल 2021 में वह 800 करोड़ के पार पहुंच गई। विशेषज्ञों का कहना है कि 2050 तक विश्व की जनसंख्या 1,000 करोड़ हो जाएगी। जितनी तेजी से पिछले सवा दो सौ वर्षों में पृथ्वी पर इंसानों की जनसंख्या बढ़ी है, उतनी तेजी से और किसी प्रजाति की नहीं बढ़ी है।

जनसंख्या बढ़ने के साथ-साथ बढ़ा है प्राकृतिक संसाधनों का दोहन। आज पूरा विश्व इन्हीं कारणों से जहां जलवायु परिवर्तन के खतरों से जूझ रहा है, वहीं पृथ्वी पर कार्बन फुटप्रिंट लगातार बढ़ते जा रहे हैं। यदि हम ग्लोबल फुटप्रिंट नेटवर्क की मानें, तो इंसान अपनी एक वर्ष की जरूरतों की पूर्ति के लिए अगले वर्ष के छह माह के संसाधनों पर निर्भर है, जिसे वर्ल्ड ओवरशूट डे का नाम दिया गया है। यदि ये संसाधन हमारी जमापूंजी होते, तो शीघ्र ही मानव सभ्यता का दिवालिया होना तय था। जितनी तेजी से हम संसाधनों का दोहन कर रहे हैं, उतनी तेजी से प्रकृति द्वारा उनका सृजन संभव नहीं। इसीलिए पूरा विश्व आज वैकल्पिक ऊर्जा के स्रोतों की खोज और प्रोत्साहन में लगा है।

प्रोफेसरसर स्टीफन हॉकिंग का मानना था कि जिस गति से विश्व की जनसंख्या बढ़ रही है, उसके कुप्रभाव भी तीव्र गति से बढ़ते जाएंगे। अगले सौ वर्षों में मनुष्य को रहने के लिए एक अतिरिक्त ग्रह की जरूरत पड़ेगी। एलन मस्क यह बात समझ रहे हैं, उन्हें मनुष्यों को किसी अन्य ग्रह पर बसाने में व्यवसाय दिख रहा है। शायद उन्हें चिंता सता रही होगी कि अगर दुनिया में आबादी घटी, तो दूसरे ग्रह पर इंसानों को बसाने की उनकी परियोजना बेकार हो जाएगी।

इसी प्रकार अगस्त 2017 में सिंगापुर में टाइम्स हायर एजुकेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 50 नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिकों ने अधिक आबादी को सबसे बड़ा खतरा बताया। इसी क्रम में नवंबर 2018 में विश्व के 20,000 वैज्ञानिकों ने जनसंख्या को विश्व की सबसे बड़ी समस्या बताते हुए एक पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। एकाधिक मौकों पर वैज्ञानिकों ने मिलकर अपील की है कि आबादी घटनी चाहिए, पर वैज्ञानिकों की सलाह को न मानकर हम 50 वर्ष पुराने जीवन और पर्यावरण को तरस रहे हैं। वैज्ञानिकों व बुद्धिजीवियों के कथन को न मानकर आज यदि हम एलन मस्क के एक व्यवसायसे प्रेरित कथन को महत्व दें, तो मेरे विचार से यह उचित नहीं होगा।

यदि हम एलन मस्क के कथन को भारत के संदर्भ में देखें, तो जहां विश्व का 2.4 प्रतिशत भूभाग भारत के पास है और चार प्रतिशत जल संसाधन हैं, वहीं उन पर निर्भर रहने वाली जनसंख्या विश्व की जनसंख्या की लगभग 18 प्रतिशत है। आज भारत में बढ़ रही बेरोजगारी की समस्या हो या प्रदूषण की, जाम होते शहरों की समस्या हो या पौष्टिक भोजन की, सूखते हुए जल स्रोतों की समस्या हो या पिघलते हुए हिमालय की, अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं की समस्या हो या अच्छी व उपयोगी शिक्षा की, आप किसी भी समस्या की ओर देखेंगे, तो अधिक जनसंख्या की समस्या ही बाहें फैलाए खड़ी दिखाई देगी।

विश्व में सर्वप्रथम परिवार नियोजन कार्यक्रम चलाने वाला देश आज सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश बन चुका है, हमें चिंता करनी ही होगी। हमारे देश की जनसंख्या हमारे संसाधनों की तुलना में अधिक है। वर्ष 1971 की जनगणना में देश की जनसंख्या लगभग 55 करोड़ दर्ज की गई और तब तक परिवार नियोजन हमारे संविधान का अंग नहीं था। वर्ष 1976 में संविधान संशोधन हुआ, जो 1 जनवरी, 1977 से प्रभावी हुआ। एक समय भारत में लगभग 62 लाख लोगों की नसबंदियां कराई गईं। इतने सभी प्रयासों के बाद भी 1981 की जनगणना में देश की जनसंख्या बढ़कर लगभग 68 करोड़ हो गई। नई जनसंख्या नीति के पालन के बावजूद भारत की जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार, 121 करोड़ हो गई।

आश्चर्य नहीं, 15 अगस्त 2019 को लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनसंख्या विस्फोट के विषय पर देश को आगाह किया गया। कोविड 19 के समय 2021 में होने वाली जनगणना समय से नहीं हो पाई, पर आईयूएन की रिपोर्ट के अनुसार बताया गया कि भारत 2023 में चीन को पीछे छोड़ जनसंख्या में विश्व में पहले स्थान पर पहुंच गया है।

हर कदम पर देश ने बढ़ती जनसंख्या पर अपनी चिंता जाहिर की है, लेकिन आज भी हमारा देश एक प्रभावी जनसंख्या नीति को तरस रहा है। हमें चिंता करनी होगी कि कहीं भारत भविष्य में कम होती जनसंख्या वाले देशों के लिए मजदूर पैदा करने वाला देश ही बनकर न रह जाए। इसलिए भारत को अपनी भावी पीढ़ी के अच्छे भविष्य के लिए एक प्रभावी जनसंख्या नीति शीघ्र ही बनानी चाहिए।

बता दें कि लगातार बढ़ती जनसंख्या की वजह से जो सबसे बड़ी चुनौती पैदा होती है वो है प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ता दबाव। इन प्राकृतिक संसाधनों में जमीन, पानी, जंगल और खनिज शामिल है। जनसंख्या के बढ़ने की वजह से इन संसाधनों का जरुरत से ज्यादा इस्तेमाल होता है। नतीजतन कृषि उत्पादकता और पानी की कमी के साथ पर्यावरण में गिरावट होने की सम्भावना बढ़ जाती है। बढ़ती आबादी के कारण आवास, परिवहन, स्वास्थ्य और शिक्षण सुविधाओं से जुड़े बुनियादी ढांचे का विस्तार करने की जरूरत भी बढ़ जाती है। एक बहुत बड़ी आबादी की जरूरतों को पूरा करना एक मुश्किल काम बन जाता है और आबादी का एक बड़ा हिस्सा बदहाल हालात में जीने के लिए मजबूर हो सकता है। एक बड़ी आबादी की वजह से काम करने की क्षमता रखने वाले लोगों की एक बड़ी संख्या भी खड़ी हो जाती है। इस बड़ी संख्या को रोजगार उपलब्ध करवाना एक बड़ी चुनौती के तौर पर उभरता है। आज की तारीख में भी भारत में बेरोजगारी एक ज्वलंत समस्या है। लगातार बढ़ रही जनसंख्या की वजह से यह समस्या भविष्य में एक विकराल रूप ले सकती है। रोजगार की कमी आर्थिक असमानता और गरीबी को बढ़ाने का काम काम कर सकते हैं जिससे सामाजिक अशांति फैल सकती है। एक बड़ी आबादी को शिक्षित और कुशल बनाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है क्योंकि समय के साथ जितने लोगों को शिक्षित और कुशल बनाने की जरूरत होगी उतनी क्षमता शैक्षणिक संस्थानों के पास शायद नहीं होगी। इसका सीधा परिणाम यह हो सकता है कि बहुत से लोग अच्छी शिक्षा हासिल नहीं कर पाएंगे और बहुत से लोगों के पास जो कौशल होगा वो नौकरी के बाजार से मेल नहीं खाएगा।

# हर साल करीब 1.5 लाख भारतीय छोड़ रहे नागरिकता

अमेरिका, कनाडा जैसे देशों में भारतीय बड़ी संख्या में बस रहे हैं। वजह यह है कि इन देशों में गए भारतीय अपनी भारत की नागरिकता छोड़ रहे हैं। वर्ष 2023 में भारतीय नागरिकता छोड़ने वालों की संख्या 2 लाख के पार पहुंच चुकी थी। बीते कुछ बर्षों से भारतीयों के नागरिकता छोड़ने में बड़ा इजाफा हो रहा है। बस कोरोना महामारी के दौर में इसमें गिरावट आई थी, मगर उसके बाद से ये लगातार बढ़ रही है। आप सोच रहे होंगे कि आखिर ये चर्चा अभी क्यों? दरअसल, हाल ही में अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप गैरकानूनी तरीकों से अमेरिका आ रहे लोगों पर लगाम लगाने की तैयारी में हैं। साथ ही अमेरिका की आव्रजन नीति और सख्त करने जा रहे ट्रंप को लेकर यह सवाल भी उठ रहा है कि आखिर, भारतीय अपना वतन क्यों छोड़ रहे हैं? क्या वजह है कि इसमें इजाफा ही हो रहा है। जानते हैं पूरी बात।

भारतीय अपनी नागरिकता लगातार छोड़ रहे हैं। यह संख्या पिछले कुछ सालों में लगातार बढ़ रही है। भारतीयों के नागरिकता छोड़ने की कई बड़ी वजहें हैं। जिनमें विदेशों में अच्छी सैलरी और बेहतर काम करने का माहौल का होना, विदेशों में हायर एजुकेशन का स्तर भारत के मुकाबले ज्यादा होना, अपने देश में अपराध दर का बढ़ना या देश में व्यावसायिक अवसरों की कमी का होना है। इसके अलावा, भारत की एकल नागरिकता का प्रावधान और दोहरी नागरिकता न होना भी अहम वजह है। भारतीय अपनी नागरिकता छोड़कर अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, यूके, जर्मनी, थाईलैंड, सिंगापुर, मलेशिया, पेरू, नाइजीरिया, जांबिया जैसे देशों में बस रहे हैं। कुछ भारतीय पाकिस्तान और चीन में भी अपनी नागरिकता छोड़कर बस रहे हैं। हर साल करीब डेढ़ लाख भारतीय अपने देश की नागरिकता छोड़ रहे हैं। भारत की नागरिकता छोड़कर इन लोगों ने 135 देशों की नागरिकता हासिल की है। इनमें अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया जैसे बड़े देशों से लेकर थाईलैंड, मलेशिया, पेरू, नाइजीरिया और जांबिया जैसे छोटे देश भी शामिल हैं। इनमें से अधिकतर लोग रोजगार के चलते ही भारत की नागरिकता छोड़े हैं।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में रहने वाले औसतन 44 फीसदी भारतीय लोग नागरिकता छोड़ देते हैं। वहीं, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में रह रहे 33 फीसदी भारतीय नागरिकता छोड़ देते हैं। इसका मतलब यह साफ है कि अमेरिका जाने वाले 44 फीसदी भारतीय बाद में वहां की नागरिकता हासिल कर वहीं बस जाते हैं। वहीं, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जाने वाले 33 फीसदी भारतीय भी ऐसा ही करते हैं। इसी तरह ब्रिटेन, सऊदी अरब, कुवैत, यूएई, कतर, सिंगापुर जैसे देशों में भी बड़ी संख्या में भारतीय लोग बस रहे हैं। विदेशी नागरिकता पाने के बाद आपको अपना अंतिम भारतीय पासपोर्ट रद्द करने के लिए भारतीय वाणिज्य दूतावास को सौंपना होगा। वाणिज्य दूतावास इसे रद्द कर देगा और त्याग/समर्पण प्रमाणपत्र के साथ आपको वापस कर देगा।

विदेशी नागरिकता प्राप्त करने के बाद किसी भारतीय मूल के व्यक्ति को त्याग प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए 3 वर्ष के भीतर यह प्रमाणपत्र हासिल कर लेना होगा। त्याग के लिए आवेदन करते समय आपके अमेरिकी पासपोर्ट की एक प्रति अनिवार्य दस्तावेजों में से एक होनी चाहिए। साथ ही ऑनलाइन सरकारी आवेदन पत्र भरते समय आपको अपना अमेरिकी पासपोर्ट नंबर प्रदान करना आवश्यक है।

गृह मंत्रालय के मुताबिक साल 2021 में 1,63,370 लोगों ने भारत की नागरिकता छोड़ दी। संसद में पेश किए गए दस्तावेज में कहा गया था कि इन लोगों ने निजी वजहों से नागरिकता छोड़ी है। सबसे ज्यादा 78,284 लोगों ने अमेरिकी नागरिकता के लिए भारत की नागरिकता छोड़ी। इसके बाद 23,533 लोगों ने ऑस्ट्रेलिया और 21,597 लोगों ने कनाडा की नागरिकता ली। चीन में रह रहे 300 लोगों ने वहां की नागरिकता ले ली और 41 लोगों ने पाकिस्तान की नागरिकता हासिल कर ली। साल 2020 में नागरिकता छोड़ने वालों की संख्या 85,256 थी और साल 2019 में 144,017 लोगों ने नागरिकता छोड़ी थी।

साल 2015 से 2020 के बीच 8 लाख से ज्यादा लोगों ने नागरिकता छोड़ दी। वहीं, 2020 में इन आंकड़ों में कमी देखने को मिली थी, लेकिन इसके पीछे की वजह कोरोना माना जा रहा है। गृह मंत्रालय के अनुसार, विदेश में 1.25 करोड़ भारतीय नागरिक रह रहे हैं, जिसमें 37 लाख लोग ओसीआई यानी ओवरसीज सिटीजनशिप ऑफ इंडिया कार्डधारक हैं।

भारत में दोहरी नागरिकता का प्रावधान नहीं है। यानी कि अगर आप किसी और देश की नागरिकता चाहते हैं तो आपको भारत की नागरिकता छोड़नी होगी। विदेश में बसे और वहां की नागरिकता ले चुके भारतीय लोगों के लिए एक खास तरह की सुविधा का नाम है ओसीआई कार्ड। ओसीआई का मतलब है- ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया। ओसीआई एक तरह से भारत में जीवन भर रहने, काम करने और सभी तरह के आर्थिक लेन-देन करने की सुविधा देता है, साथ ही ओसीआई धारक व्यक्ति जब चाहे बिना वीजा भारत आ सकता है। यह जीवन भर के लिए मान्य है। भारतीय गृह मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, ओसीआई कार्ड के धारकों के पास भारतीय नागरिकों की तरह सभी अधिकार हैं लेकिन ये पांच काम वे नहीं कर सकते हैं- चुनाव नहीं लड़ सकते हैं, वोट नहीं डाल सकते हैं, सरकारी नौकरी नहीं पा सकते हैं, संवैधानिक पद पर नहीं हो सकते हैं और खेती वाली जमीन नहीं खरीद सकते हैं।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र 2025

# राजनीतिक और आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सत्र




रायपुर, छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 2025 आगामी 24 फरवरी से 21 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कुल 17 बैठकें होंगी, जिनमें राज्य के वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट को पेश किया जाएगा। यह सत्र राज्य के विकास और जनकल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए मंच प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री भूपेश बघेल इस सत्र में राज्य का वार्षिक बजट प्रस्तुत करेंगे। बजट में बुनियादी ढांचे, जनकल्याण योजनाओं और नई परियोजनाओं के लिए वित्तीय प्रावधान किए जाने की संभावना है। इसके साथ ही, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं, स्वास्थ्य सेवाएं और कानून-व्यवस्था जैसे जनहित के मुद्दे बहस का मुख्य केंद्र होंगे।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ़ सरकार ने 1,47,440 करोड़ रुपये के व्यय का अनुमान लगाया था। उस बजट में राजकोषीय घाटा 17,990 करोड़ रुपये (राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 3.2त्न) था। सितंबर 2024 तक राज्य पर कुल 1,07,125 करोड़ रुपये का कर्ज हो गया था, जो आर्थिक प्रबंधन के लिए एक चुनौतीपूर्ण स्थिति दर्शाता है।

विधानसभा चुनाव 2023 में मिली जीत के बाद यह सत्तारूढ़ दल का पहला बजट सत्र होगा। ऐसे में, विपक्ष और सत्तापक्ष के बीच तीखी बहस और नीतिगत मुद्दों पर चर्चा की संभावना है। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि यह सत्र राज्य की आगामी आर्थिक दिशा को तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

बजट सत्र लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा होता है, जहां सरकार अपनी आर्थिक योजनाओं और प्राथमिकताओं को पेश करती है। बजट सत्र में सरकार अपनी आय और व्यय का विवरण प्रस्तुत करती है और विकास योजनाओं के लिए धन आवंटित करती है। यह सत्र सरकार की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करता है।विपक्ष और सत्तापक्ष के बीच चर्चा से नीतिगत सुधार होते हैं। राजस्व और व्यय का हिसाब रखने और घाटे को नियंत्रित करने का अवसर मिलता है। यह सत्र जनता की उम्मीदों से जुड़ा होता है, जिसमें उनके कल्याण के लिए नई योजनाओं पर चर्चा होती है।

2024 के बजट सत्र के दौरान 17 बैठकें आयोजित की गईं, जिसमें स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और पर्यटन जैसे मुद्दों पर प्रश्न उठाए गए। यह सत्र सरकार की प्राथमिकताओं और नीतियों पर विचार-विमर्श का मंच बना।

छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 2025 राज्य के विकास और जनहित के लिए नीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह सत्र राजनीतिक बहस, आर्थिक पारदर्शिता और विकास के नए आयाम स्थापित करने का अवसर प्रदान करेगा। लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाने के लिए यह सत्र अत्यंत आवश्यक और प्रभावशाली साबित हो सकता है।

(राजीव खरे ब्यूरो चीफ़ छत्तीसगढ़)

# नोडल अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारियों का कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

## नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन को सफलता पूर्वक संपन्न कराने दिये निर्देश

**गणेश वैष्णव । सिटी चीफ**

नारायणपुर, जिला कार्यालय के सभा कक्ष में कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने नोडल अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप संपन्न कराने के निर्देश दिये। उन्होंने समीक्षा करते हुए नोडल अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारियों को निष्ठापूर्वक संपन्न कराने निर्देशित किये। नगरीय निकाय निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों को प्रचार, जुलुस रैली एवं सभा कराने के लिए अलग अलग दिन एवं समय पर अनुमति देना सुनिश्चित करें। उन्होंने नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश का पालन करते हुए कार्य करने निर्देश दिये।



नगरीय निकाय हेतु 22 से 28 जनवरी तक नाम निर्देशन जमा कर सकेंगे और 29 जनवरी को नामांकन जांच किया जाएगा। उम्मीदवार 31 जनवरी को नाम वापसी कर सकेंगे। 11 फरवरी को नगरीय निकाय में मतदान किया जाएगा तथा 15 फरवरी को परिणाम घोषित किया जाएगा। इसी प्रकार त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नाम निर्देशन 27 से 03 फरवरी तक जमा कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच 04 फरवरी को किया जाएगा। उम्मीदवार 06 फरवरी को नाम वापसी कर सकेंगे। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए जिले में मतदान पहला चरण में 17 फरवरी और दूसरा चरण 23 फरवरी को होगा, इसके मतगणना 18 और 24 फरवरी को किया जाएगा।

नगरीय निकाय निर्वाचन दलीय आधार पर ईव्हीएम के माध्यम से मतदान संपन्न कराया जाएगा एवं त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन मतदान पत्र के माध्यम से चुनाव कराया जाएगा। नगरपालिका क्षेत्र के मतदान केंद्रों के लिए ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट सहित अन्य प्रचार सामग्री का वितरण एवं जमा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया जाएगा। नगरीय निकाय चुनाव के लिए सामग्री का वितरण स्ट्रांग रूम से किया जाएगा। निर्वाचन के दौरान नारायणपुर में मतदान का कार्य अधिकारियों द्वारा संपन्न कराया जाएगा।

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं द्वारा कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985 की धारा 04 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नारायणपुर जिले के सम्पूर्ण क्षेत्र में रात्रि 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित किया गया है। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग, प्रचार करने के लिए वाहनों पर एवं चुनावी सभाओं में जहां निर्वाचन संपन्न होना है वहां प्रातः 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही सक्षम अधिकारी की अनुमति पश्चात किया जा सकेगा। किंतु ऐसे ध्वनि विस्तारक यंत्र साधारण किरम के होंगे एवं मध्यम आवाज में ही प्रयोग किये जायेंगे। लोक परिशांति को देखते हुए लम्बे चोंगे वाले लाउडस्पीकर का प्रयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आकांक्षा शिक्षा खलखो, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, अभिषेक गुप्ता, एसडीएम अभयजीत मंडावी, गौतम पाटिल, डिप्टी कलेक्टर सुमित गर्ग, नोडल अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी उपस्थित थे।

# दमोह में 25 जनवरी को मानेगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

## जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में होगा आयोजित

**धीरज कुमार अहीरवाल । सिटी चीफ**



दमोह, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत पूर्व वर्ष के भांति इस वर्ष भी 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2025 का आयोजन प्रातः 11 बजे से शाम 05 बजे तक जिले की चारो विधानसभा 054-पथरिया, 055-दमोह, 056-जबेरा एवं 057-हटा के अंतर्गत आने वाले 1184-मतदान केन्द्रों पर आयोजित किया जायेगा।

संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्यक्रम के दौरान समस्त बी.एल.ओ., मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे, मतदाताओ से नामावली में नाम जुड़वाने हेतु फॉर्म-6, नाम निरसन के लिए फॉर्म-7 एवं किसी भी प्रकार के संशोधन/स्थानान्तरण हेतु फॉर्म-8 प्राप्त करेंगे तथा नवीन युवा मतदाताओं को इपिक वितरण की कार्यवाही कर उन्हें सम्मानित करेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2025 का जिला स्तरीय कार्यक्रम इस वर्ष शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में प्रातः 11 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजित किया जायेगा, उक्त कार्यक्रम में स्थानीय स्तर के बीएलओ उपस्थित मतदाताओ से फॉर्म-6, 7, एवं 8 में आवेदन प्राप्त करेंगे।

जिले के आम नागरिकों से आग्रह करते हुये कहा है जो नवीन भावी युवा 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है, वे आज 25 जनवरी को जिले के अंतर्गत आने वाले समस्त मतदान केन्द्रों पर/जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाये। जिनके नाम पूर्व से ही सूची में है तथा उनका मतदान केन्द्र या विधानसभा, जिला इत्यादि बदल गया हो, वे भी नवीन स्थल पर नाम जुड़वाने की कार्यवाही कर सकते है।

पुराने स्थान से नाम हटाने हेतु फार्म नं.-7 भरना होगा तथा जिनके नाम मतदाता सूची में पहले से हैं और वो किसी प्रकार का संशोधन करवाना चाहते हैं, तो उसके लिए फॉर्म नं.- 8 भरकर संशोधन की कार्यवाही कर सकते हैं। मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनवाने में सभी का सहयोग अपेक्षित हैं।

# महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज लालबर्रा की ब्लॉकस्तरीय बैठक का आयोजन 27 जनवरी को

## सामाजिक महिलाओं हेतु हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन भी

**लंकेश पंचेश्वर । सिटी चीफ**



लालबर्रा, महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज लालबर्रा के मीडिया प्रभारी मनोज येवले तथा कोषाध्यक्ष कमलेश गोले ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 27 जनवरी दिन सोमवार को ब्लॉक मुख्यालय लालबर्रा में उत्कृष्ट स्कूल के सामने जनपद सामुदायिक भवन कक्ष में सामाजिक चर्चा बैठक तथा इसके साथ ही सामाजिक महिलाओं के हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है।

हल्दी कुमकुम कार्यक्रम सम्पन्न होने के पश्चात ब्लॉक महिला कार्यकारणी का गठन भी किया जाना है। सामाजिक क्रियाकलापों पर रूपरेखा तैयार करने हेतु सभी का मार्गदर्शन,सहयोग और सुझाव प्राप्त हो सके इस उद्देश्य से इस बैठक का आयोजन किया गया है। अतः सामाजिक ब्लॉक कार्यकारिणी लालबर्रा के सभी सदस्यों ने क्षेत्र के सभी सामाजिक जनों से अधिक से अधिक संख्या में इस बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 34 जोड़े विवाह के पवित्र बंधन में बंधे

## नवविवाहित जोड़ों को विधायक देवेंद्र निम ने आर्शीवाद दिया

**गौरव सिंघल । सिटी चीफ**

**देवबंद। सहारनपुर,** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 34 जोड़े विवाह के पवित्र बंधन में बंधे। नवविवाहित जोड़ों को विधायक देवेंद्र निम ने आर्शीवाद दिया। देवबंद नगर के राजकीय डिग्री कॉलेज प्रांगण में आयोजित हुए कार्यक्रम में सभी जोड़ों ने अग्नि को साक्षी मानते हुए एक-दूसरे को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाया। पंडित जी द्वारा हिंदू रीति रिवाज के साथ विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल हुए रामपुर मनिहारान से भाजपा विधायक देवेंद्र निम और ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विजय त्यागी और भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह सैनी ने नवविवाहित जोड़ों को आर्शिवाद और नवजीवन की शुभकामनाएं दी। शासन द्वारा प्रत्येक जोड़े को दहेज के रूप में 51 हजार रुपये का घरेलू सामान दिया गया। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी अर्चना, खंड विकास अधिकारी असलम परवेज, एडीओ पंचायत अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।



## उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधान :- डीएम मनीष बंसल

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला उद्योग बंधु की बैठक

**गौरव सिंघल । सिटी चीफ**

**सहारनपुर,** जिलाधिकारी सहारनपुर मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी मनीष बंसल ने निर्देश दिए कि निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।



डीएम मनीष बंसल ने औद्योगिक क्षेत्र पिलखनी में बन्द पडी इकाईयों के संबंध में डीसी डीआईसी को निर्देशित किया कि इकाईयों के स्वामियों की एलडीएम, यूपी सीडा और एसोसिएशन के साथ अलग से बैठक कर उनकी समस्याओं के समाधान पर विचार-विमर्श करें। औद्योगिक क्षेत्र पिलखनी में बने तालाब पर सौंदर्यकरण के लिए यूपीसीडा को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि उद्योगबंधुओं से जुडे कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर करें। हौजरी मैन्यू0 एसोसिएशन द्वारा जनता रोड की औद्योगिक इकाइयों को लिंक रोड स्थित 66 केवीए विद्युत फीडर से संबंधित कार्य के लिए अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया कि मुख्यालय स्तर से फॉलोअप करते हुए की जाने वाली कार्यवाही की रिपोर्ट उपलब्ध कराएं।

पिलखनी इंडस्ट्रियल एरिया में नाला निर्माण संबंधी कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसपी सिटी व्योम बिंदल, डीसी डीआईसी वीके कौशल, आईआईए से अनूप खन्ना, लघु उद्योग भारती से अनुपम गुप्ता, सीआईएस अध्यक्ष रविन्द्र मिगलानी, उद्यमीगण एवं संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस समारोह के लिए फाईनल रिहर्सल संपन्न

## इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे

**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ**

**शाजापुर।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 पर मुख्य समारोह में होने वाली परेड एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए शुक्रवार को फाईनल रिहर्सल सम्पन्न हुई। फाईनल रिहर्सल का कलेक्टर ऋजु बाफना एवं पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत ने निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस बल एवं होमगार्ड के जवानों, एनसीसी, स्काउट, एनएसएस, शोर्या दल के बच्चों आदि द्वारा परेड तथा विद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम, पीटी, मलखम्ब की प्रस्तुति दी गई। कलेक्टर बाफना ने अधिकारियों को बैठक व्यवस्था एवं पार्किग स्थल व्यवस्थित रखने सहित अन्य आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।



# युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 06 को

**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ**

शाजापुर, शासन की मंशानुसार एवं कलेक्टर ऋजु बाफना के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय एवं ग्रामीण आजीविका मिशन शाजापुर द्वारा आगामी 06 फरवरी 2025 को सुबह 11 बजे से 03 बजे तक जेएनएस शासकीय महाविद्यालय शुजालपुर में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला में आमंत्रित निजी क्षेत्र की संभावित नियोजक के द्वारा सेल्स मेन, टेली कालर, सेल्स एवं मार्केटिंग, वर्कर, एक्जीक्यूटिव सेल्समेन, हेल्पर, मशीन ऑपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, सहायक, हेल्पर, बीमा सलाहकार आदि पदों पर रोजगार प्रदान करने के लिए साक्षात्कार लेकर प्रारंभिक चयन किए जाएंगे। युवा संगम में 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट एवं आईटीआई उत्तीर्ण एवं 18 से 40 वर्ष तक के आयु के आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्रों एवं आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, रिज्यूम के साथ साक्षात्कार दे सकते हैं।

# विधायक जयंत मलैया की उपस्थिति में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**धीरज कुमार अहीरवाल । सिटी चीफ**

दमोह, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष सफलता पूर्वक पूर्ण होने एवं 8 मार्च तक लगातार कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे इसी उपलक्ष्य में बालिका दिवस के अवसर पर जिले स्तरीय बेटियां छुयेंगी आसमान कार्यक्रम का आयोजन पूर्व वित्त मंत्री एवं विधायक जयंत कुमार मलैया एवं पूर्व राष्ट्रिय महिला आयोग सदस्य डॉ सुधा मलैया के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जिले की बालिकाओं को भविष्य में लाभ प्राप्त कराने के उद्देश्य से खाते खोले गए एवं अतिथियों द्वारा संबंधित बालिकाओं को पासबुक वितरित कर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर सुधीर कोचर के निर्देशन में एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जयवंत सिंह वर्मा के मार्गदर्शन में पुरानी कलेक्ट्रेट परिसर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय









किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम एवं सेडमैप संस्था के सहयोग से कैदों की तलैया की 50 से अधिक शाला त्यागी बालिकाओ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं उनको माहवारी एवं स्वच्छता प्रबंधन के विषय पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सम्पूर्ण जानकारी प्रदाय की गयी। आयरन फोलिक एसिड टेबलेट्स का वितरण किया गया साथ ही साथ महिला बाल विकास की ओर से सभी उपस्थित प्रतिभागियों को सेनेटरी पैड्स का वितरण किया गया।

इसी अवसर पर आज जिले की बटियागढ़ एवं तेंदूखेड़ा विकासखंड में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत पायलेट के रूप में चयनित ग्राम पंचायतों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से बाल सभाओं का आयोजन किया गया। बालक बालिकाओं ने अपनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को बताया जिसे जीपीडीपी निर्माण एवं बाल हितैषी पंचायत निर्माण में रखा जाएगा। इसका उद्देश्य इन बच्चों को उनके बाल अधिकार जिसमें सहभागिता के अधिकार प्राप्त है, जिसमें वह शासन एवं प्रशासन तक अपनी बात रख सकते हैं, को एक मंच प्रदान करना है। इन बाल सभाओं में बच्चों के साथ ग्राम सचिव, सरपंच, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं, शिक्षक आदि अन्य विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति एवं ममता संस्था का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विभिन्न शासकीय कार्यालयों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ स्टीकर पेस्टिंग, शपथ ग्रहण आदि गतिविधियों का भी आयोजन किया गया है।

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# श्रीराम फाइनेंस कंपनी अनूपपुर से फर्जी दस्तावेजों से लोन लेकर की लाखों की धोखाधड़ी

## बैंक मैनेजर, स्टाफ तथा संबंधित ग्राहकों पर अपराध दर्ज, 08 आरोपी शहडोल से गिरफ्तार

**सुशिल सोनी । सिटी चीफ**

अनूपपुर, पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री मोती उर रहमान के निर्देशन में कोतवाली अनूपपुर पुलिस द्वारा श्रीराम फाइनेंस कंपनी अनूपपुर से फर्जी दस्तावेजों से लोन लेकर कुल 24,35,000 रुपए की धोखाधड़ी के अपराध में 08 आरोपियों को जिला शहडोल से गिरफ्तार किया गया है।

श्रीराम फाइनेंस कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड मुख्य कार्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के लीगल डिपार्टमेंट मैनेजर राकेश तिवारी पिता मदन मोहन तिवारी उम्र 39 साल निवासी तिल्दा, रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री मोती उर रहमान से मिलकर शिकायत दी गई कि श्रीराम फाइनेंस कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड शाखा अनूपपुर के ब्रांच मैनेजर राहुल पाठक, टीम लीडर सेल्स विनीत सोनी , सेल्स एग्जीक्यूटिव अजय केवट, सेल्स एग्जीक्यूटिव दीपू प्रसाद चंद्रवंशी एवं यशवंत सिंह के द्वारा कंपनी के 15 ग्राहकों से साथ 60 गांठ कर फर्जी पद फर्जी वेतन स्लिप फर्जी बैंक स्टेटमेंट लगाकर कुल 24 लाख 35 हजार रुपए की धोखाधड़ी की गई है।

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री मोती उर रहमान द्वारा उक्त शिकायत की जांच एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा को सौंपी गई, जिनके द्वारा जांच पर थाना कोतवाली को अपराध दर्ज कर कार्रवाई किए जाने हेतु निर्देशित किया जिस पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 516/24 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120 ( बी )भारतीय दंड विधान पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना की गई।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री मोती उर रहमान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री इसरार मंसूरी जी के निर्देशन में टी.आई.कोतवाली अरविंद जैन के नेतृत्व में उप निरीक्षक प्रवीण साहू, प्रधान आरक्षक रितेश सिंह, आरक्षक अब्दुल कलीम, संजय सिंह, सुरेश रावत की टीम के द्वारा उक्त प्रकरण में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लाखों का लोन लेकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपीगण 1.उपेंद्र सिंह परिहार पिता धनी सिंह परिहार उम्र 34 साल निवासी रेलवे कॉलोनी धनपुरी जिला शहडोल 2.कैलाश प्रसाद पांडे पिता छोटेलाल पांडे उम्र 32 साल निवासी अमलई जिला शहडोल 3. राहुल विश्वकर्मा पिता मोहन विश्वकर्मा उम्र 35 साल निवासी रेलवे कॉलोनी धनपुरी जिला शहडोल 4.पीतांबर पाल पिता भगवत पाल उम्र 37 साल निवासी धनपुरी जिला शहडोल 5. हर्ष कुशवाहा पिता हरिदास कुशवाहा उम्र 24 साल निवासी धनपुरी जिला शहडोल 6. सचिन बुंदेला पिता सज्जन सिंह बुंदेला उम्र 36 साल निवासी अमलई जिला शहडोल 7.संतोष कोल पिता कोदुबा कोल उम्र 50 साल निवासी इंदिरा नगर अमलई जिला शहडोल 8. रजनीश मलिक पिता रामकुमार मलिक उम्र 38 साल निवासी धनपुरी जिला शहडोल को गिरफ्तार किया गया है। उक्त आरोपियों से फर्जी दस्तावेज एवं गबन की गई धनराशि की बरामदगी के लिए विवेचना की जा रही है।



# 5 फरवरी को राजधानी में गरजेंगे प्रदेश के किसान

### अन्नदाता अधिकार रैली व वल्लभ भवन का घेराव कर जाहिर करेंगे अपना रोष




भोपाल । मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल एक बार फिर 5 फ़रवरी को किसान आंदोलन का अखाड़ा बनने जा रही है। प्रदेश का किसान राजस्व, खाद, बिजली, पानी, मंडी, एमएसपी, सिंचाई, पशुपालन आदि की समस्याओं से परेशान हैं। संघ के अनुषांगिक संगठन भारतीय किसान संघ ने मध्यप्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध का बिगुल फूंक दिया है। शुक्रवार को भारतीय किसान संघ के प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में किसान संघ के मध्यभारत प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। श्री दीवान ने कहा कि प्रदेश का किसान राजस्व विभाग के अधिकारियों के द्वारा फौती नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, बटांकन, नक्शा सुधार जैसे कार्यों में की जा रही लूट से परेशान हो चुका है। निरंकुश अफसरशाही के खिलाफ प्रदेश का किसान खेतों से निकलकर राजधानी की सड़कों पर 5 फ़रवरी को अपने अधिकार के लिए अन्नदाता अधिकार रैली व वल्लभ भवन घेराव कार्यक्रम में शामिल होगा।

**ज्ञापन देने के बावजूद नहीं चेती सरकार**

भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि किसान संघ ने किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील व जिला स्तर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे। लेकिन आज तलक किसानों की किसी भी समस्या पर प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया है। इसलिए किसान अपनी समस्याओं को सुनाने व निदान के लिए सरकार के दरवाजे पर आने के लिए मजबूर है।

गांव गांव में किसान कर रहे बैठक

अन्नदाता अधिकार रैली व वल्लभ भवन घेराव में किसानों को शामिल करने के लिए किसान संघ के ग्राम समिति से लेकर प्रांत स्तर तक के पदाधिकारी गांव गांव बैठकें कर रहे हैं और किसानों की विभिन्न समस्याओं की चर्चा कर भोपाल आने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

बढ़े हुए बिजली बिलों से किसान त्रस्त

किसानों का कहना है कि बिजली विभाग के द्वारा कृषि विद्युत कनेक्शन में हॉर्स पावर भार वृद्धि करने के कारण किसानों को बढ़े हुए बिजली के बिल भेजे जा रहे हैं। जिससे किसान नाराज है। किसान बिजली कंपनियों के द्वारा बिना जांच के भार वृद्धि करने के कारण आंदोलन के मूड में हैं और उसने सरकार के खिलाफ खुला मोर्चा खोल दिया है।

ये हैं किसानों की प्रमुख मांगे

1. फौती नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, बटांकन, ऑनलाइन रिकॉर्ड व नक्शा सुधारा जाए।
2. हॉर्स पावर क्षमता वृद्धि वापिस ली जाये, जले ट्रांसफार्मर व लाइनें समय सीमा में बदली जाए।
3. डीएपी, यूरिया खाद सहकारिता के माध्यम से नगद वितरण समय पर किया जाए।
4. सभी मंडियों में फ्लेट कांटो से तुलाई अनिवार्य की जाए। मंडी परिसर में ही भुगतान हो।
5. नकली दूध बनाने वालो पर सख्त कार्रवाई हो, गौ अभयारण्य खोले जाएं।
6. प्रस्तावित व स्वीकृत नहरों के कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएं।
7. सभी फसलों को एमएसपी से नीचे नहीं खरीदा जाए।
8. किसानों के झूठे प्रकरण वापिस हों।
9. पूसा बासमती धान को जीआई टैग दिलाया जाए।
10. धान 3100 रुपए व गेहूं 2700 रुपए प्रति क्विंटल खरीदा जाए।

# आनंद उत्सव का समापन हुआ पुरस्कार वितरण

हरवार ।शासकीय माध्यमिक विद्यालय हरवार में आनंद उत्सव का आयोजन मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र जाट एवं हाई स्कूल प्राचार्य विनोद स्वामी पंचायत समन्वयक वरदी चंद अहिरवार एवं पी टीआई कन्हैया दास अग्रावत, पंचायत सचिव संजय रावत हरवार, कंवरलाल मेघवाल फोफलिया, दिनेश माली बंबोरी एवं कर्मचारी गण शासकीय माध्यमिक विद्यालय हरवार के प्रधान अध्यापक फोफलिया राम नारायण अहिरवार एवं बमोरी के प्रभारी चरण सिंह जाट एवं सभी शिक्षक साथी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे कार्यक्रम में 100 मीटर दोड ,200 मीटर दौड़ चम्मच रेस, बोरा रेस, सितोलिया ,कबड्डी रस्सा कुर्सी, आदि खेलकूद बालक एवं बालिकाओं की अलग-अलग आयोजित किए गए। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया अंत में सभी विजेता बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक मदनलाल गायरी एवं आभार प्रदर्शन आनंद उत्सव प्रभारी चरण सिंह जाट द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में सभी शिक्षक साथियों की सराहनीय भूमिका रही।




# जावद आदर्श मौहल्ला स्थित श्री मंगलमुर्ति हनुमानजी की प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिवस भजन संध्या हुई सम्पन्न

## पांडाल भक्तिभाव से झूम उठा, हिंदूवादी नेता नारायण सोमानी भजन संध्या में पहुंचकर बालाजी महाराज का लिया आशीर्वाद



जावद। हिंदूओं के आस्था का केंद्र अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर बुधवार को जनसहयोग से वार्ड नम्बर 6 आदर्श मौहल्ला देवरा के पास श्री मंगलमुर्ति हनुमानजी महाराज की विद्धान पंडित विधिविधान से प्राण प्रतिष्ठा हुई। गुरूवार को हनुमानजी महाराज की महाआरती एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन सम्पन्न हुआ। हनुमानजी महाराज की महाआरती करके सभी को प्रसाद वितरित किया गया। हिंदूवादी नेता एवं जावद प्रेस क्लब अध्यक्ष नारायण सोमानी, उपाध्यक्ष राहुल सिसोदिया, श्याम सारडा भजन संध्या में शामिल होकर बालाजी महाराज से आशीर्वाद लिया। सुप्रसिद्ध भजन गायको ने एक से बढकर एक मधुर, मधुर भजनो कि थाप पर पांडाल भक्तिभाव से झूम उठा। पांडाल को विद्युत साज, सज्जा से सजाया गया। इस मौके पर हिंदूवादी नेता एवं प्रेस क्लब अध्यक्ष नारायण सोमानी, उपाध्यक्ष राहुल सिसोदिया, श्याम सारडा, समिति के मुकेश करवाडिया साजन, कालू करवाडिया, कमल कंडारा, लोकेश मालवीय बिट्ठू, पंकज एरन, आचार्य बुद्धिप्रकाश व्यास, रवि कोली, गोलू दमामी, अंकित मालवीय, मोहनलाल सालवी, मोहन मेघवाल, अनिल दमामी, मनोज दमामी मन्नू, जस्सु दमामी, विनोद भाम्भी, नवीन दमामी, पवन दमामी सहित महिला, पुरूष युवाजन मौजूद थे।

# धार जिला पंचायत में गुरुवार को साधारण सम्मेलन की बैठक आयोजित की गई

बदनावर। जिला पंचायत धार में गुरुवार को साधारण सम्मेलन की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कोरम पुरा नहीं होने के कारण नए प्रस्तावों को मंजूरी नहीं मिल पाई। अनोपचारिक चर्चा में जिपं सीइओ अभिषेक चौधरी, जिप अध्यक्ष सरदारसिंह मेडा, पूर्व जिपं अध्यक्ष मनोजंसिंह गौतम, विधायक प्रतिनिधि महेश पाटीदार, जिपं सदस्य चंचल पाटीदार, अशोक डावर, शंकरसिंह चौहान, राजू बेन, सेकडीबाई, गणेश जर्मन, कपिल सहीत कई सदस्य मौजूद थे। बदनावर विधायक प्रतिनिधि महेश पाटीदार द्वारा कई विषयों पर ध्यान आर्कषण कराया गया। जिसमें प्रमुख रुप बदनावर सीइओ की मनमानी ग्राम पंचायत तिलगारा में प्रमाकिणकता के साथ भ्रष्टाचार की शिकायत करने पर किसी प्रकार की जांच नहीं की गई। इस पर तत्काल कार्यवाही हुई। शिकायत कर्ता परमानंद पाटीदार ने शुक्रवार को बताया कि ग्राम पंचायत की शिकायत में जांच करने वाले अधिकारी ने फोन पर बताया कि जांच करने आने वाले है। बदनावर से कारोदा मार्ग पर निर्माण कार्य प्रांरभ नहीं हुआ। इस पर प्रधानमंत्री सडक अधिकारी ने जबाव में बताया कि 1 सप्ताह में सडक निर्माण का कार्य प्रांरभ हो जाएगा। बोरदा एवं निंदवानिया में बेराज का काम लम्बे समय से बंद पडा है। बिडवाल में महाविधालय भवन की राशि स्वीकृति नहीं मिली। बच्चों का भविश्य खराब हो रहा है। इस पर सीइओ जिपं चौधरी ने कहा कि इस संबंध में संबंधीत विभाग से पत्राचार किया जाएगा। टोल प्लाजा बोराली पर नागरिकों को मुलभूत पानी एवं अन्य सुविधा नहीं है। ब्लेक स्पाट पर विकास नहीं होने से परेशानी है। चौपाटी, पिटगारा, नागदा फांटे पर ब्लेक स्पाट माना गया है। चौपाटी पर ब्रीज क्षतिग्रस्त हो गया है, कभी भी बडी घटना हो सकती है। तिलगारा में औद्योगिक क्षेत्र में निर्माण कार्य घटिया होने के शिकायत पर कोई जांच नहीं की। भोइंदा फांटे पर औधोगिक क्षेत्र घोषित होने के बावजुद भूमि पर से अतिक्रमण नहीं हटाया गया। जबकि उधोगपति यहां उधोग लगाने को तैयार थे। स्कूल आंगवाडी एवं योजना में भारी कमी है। जीआई पाइप की सीपेट रिर्पोट की जांच की जाए। मानक के अनुरुप नहीं लगाए हैं। कई स्कूलों में बच्चों को पानी की सुविधा नहीं है। कई स्कूल में पानी की व्यवस्था नहीं है। जिपं अशोक डावर ने हाईस्कूल बोरदी में पेयजल की समस्या का मुद्दा उठाया गया। पीएचई विभाग में ठेकेदार ने रोड खोद दिए गांव में सडके खराब होने के बावजुद योजना का पुरा लाभ नहीं मिल सका। जल जीवन मिशन के तहत किए गये काम को लेकर कई सदस्य असंतुश्ट नजर आए। कागजों में योजना को पूर्ण बताया गया, जबकि धरातल पर कई काम अधूरे पडे। घर' -धर पानी पहुॅचाने का दावा खोखला है। गांवों में पाइप लाइन लिकेज होने के बावजुद काम पूरा बताया गया। झील फैक्ट्री, वंडर सीमेट के कारण प्रदूषण फैल रहा है। विभाग में कई बार शिकायत करने के बावजुद विभाग ने कोई जांच पडताल नहीं की। आरईएस विभाग के 150 रोड के काम अधूरे पडे है रोड मानक के अनुरुप नहीं है। जबकि पैसा निकाल लिया गया है। जांच होना चाहिए। शासकीय अस्पताल नवीन भवन का घटिया निर्माण हो रहा है। मेन कालम में ही गेप है। शिकायत करने के बावजुद जांच नहीं की गयी। आइसीयू की स्थिति कबाड की तरह है। अस्पताल में डाक्टर एवं स्टाप की पूर्ति नहीं होने से लोगों को उपचार नही होता है। इसके अलावा संबधीत विभाग द्वारा निर्माण कार्य को लेकर प्रजेन्टेशन के दौरान भी क्षेत्र की कई समस्याओं पर ध्यान आर्कशण कराया गया। बदनावर विधायक प्रतिनिधि महेश पाटीदार द्वारा जिला पंचायत की पिछली बैठक में दिए गये प्रस्ताव पर जबाव भी दिया गया। पाटीदार ने ग्राम रुपाखेडा में नल जल योजना की दयनीय स्थिति को लेकर मुद्दा उठाया गया था। जिस पर विभाग द्वारा प्रतिउत्तर में बताया कि विकासखंड बदनावर के ग्राम रुपाखेडा में 2 दिन छोडकर जल प्रदाय किया जा रहा है। योजना के दुरस्तीकरण हेतु ग्राम पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। सादलपुर सुनार खेडी मार्ग को टू लेन करने को लेकर प्रस्ताव दिया गया था। इस पर विभाग द्वारा जवाब में बताया गया कि सुनारखेडी मार्ग के लिए वर्तमान में प्राधिकरण अन्तर्गत 2 लेन निर्माण का प्रावधान नहीं है। मार्ग उन्नयन कार्य की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

# वैश्य महासम्मेलन तराना इकाई द्वारा कैलेंडर विमोचन



तराना- वेश्य महासम्मेलन तराना द्वारा नववर्ष के कैलेंडर का विमोचन स्थानीय काजी गार्डन में किया गया, इस अवसर पर वैश्य समाज जिला अध्यक्ष सुनंदा डोडिया तहसील अध्यक्ष राजेश डोडिया, महिला इकाई तहसील अध्यक्ष रंजीता जैन युवा इकाई अध्यक्ष आदित्य मुन्दडा सचिन मित्तल श्याम मित्तल अजय जैन राकेश लाठी अंकित डोडिया अर्पित पलोड़ भरत डोडिया शामू मित्तल कुसुम मंत्री ,,,, आदि उपस्थित रहे

## पेंटिंग प्रतियोगिता ने उन सभी को भी आनंदित किया है जो अभी तक महाकुंभ में नहीं जा पाए :- सुनील शर्मा

# सहारनपुर बना प्रयागराज,जनपद में दिखी आस्था तथा संस्कृति से ओतप्रोत भव्य एवं दिव्य महाकुम्भ की झलक

**गौरव सिंघल । सिटी चीफ**

**सहारनपुर**, मंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग तथा प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा की उपस्थिति में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की संस्कृति एवं दिव्य तथा भव्य महाकुंभ पर आधारित 2500 से अधिक पेंटिंग्स का प्रदर्शन किया गया। लखनऊ में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश के विकास पर आधारित प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रभारी मंत्री द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सभी ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। श्री सुनील कुमार शर्मा ने पेंटिंग प्रतियोगिता में लाईव पेंटिंग कर रहे प्रतिभागियों से उनके द्वारा उकेरी गई कल्पनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश के विकास पर आधारित प्रर्दशनी का बडी उत्सुकता एवं जिज्ञासा से अवलोकन किया।



प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि पूरी दुनिया में चर्चित महाकुंभ की थीम पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चे बहुत ही प्रतिभाशाली है। उत्तर प्रदेश एक गौरवशाली प्रदेश है। शास्त्रों के अनुसार हिंदुस्तान की 07 प्राचीन नगरियों में से 03 उत्तर प्रदेश के अंदर है जहां सभ्यता का विकास हुआ है। उत्तर प्रदेश ने 09 प्रधानमंत्री इस देश को दिए है। आज उत्तर प्रदेश में देश एवं दुनिया के लोग इन्वेस्ट करने के इच्छुक है। आज प्रदेश तरक्की के मार्ग पर अग्रसर है। हम सबको मिलकर सरकारी योजनाओं को आगे बढ़ाना है। देश की एक तिहाई आबादी महाकुंभ में स्नान करने जा रही है। लेकिन जनपद में महाकुंभ पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता ने उन सभी को भी आनंदित किया है जो अभी तक महाकुंभ में नहीं जा पाए। उन्होने सभी जनपदवासियों को उत्तर प्रदेश दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।विधायक नगर राजीव गुंबर ने सभी को उत्तर प्रदेश दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सब सौभाग्यशाली है कि हमारा जन्म भगवान राम और कृष्ण की भूमि पर हुआ है। उत्तर प्रदेश देश में जनसंख्या के अनुसार तो प्रथम है ही इसके साथ विश्व में कई देशों से भी बड़ा है। आज उत्तर प्रदेश अपनी सनातन एवं धार्मिक परंपराओं के साथ ही कानूनी प्रतिबद्धताओं को साबित कर रहा है। उन्होने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढने के साथ अपनी परम्पराओं से भी देश एवं दुनिया को परिचित करा रहा है। विधायक रामपुर मनिहारान देवेंद्र निम ने कहा कि महाकुंभ की थीम पर हुई पेंटिंग प्रतियोगिता को देखते हुए ऐसा लगा कि महाकुंभ में ही स्नान कर रहे है। माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में भारत और दुनिया में उत्तर प्रदेश को हर सकारात्मक दृष्टिकोण से देखा जा रहा है। सबसे ज्यादा एक्सप्रेस वे, हवाई अड्डे, मेट्रो स्टेशन उत्तर प्रदेश में बन रहे है। बहुत ही तेज गति से उत्तर प्रदेश का विकास हो रहा है। पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने बहुत तेजी से प्रगति की है। आज उत्तर प्रदेश को व्यवस्थाओं को प्रदेश कहा जा रहा है। बिजली, सड़के, हाई वे, आदि की व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। आज किसान, व्यापारी, गरीब, मजदूर, खिलाड़ी सहित उत्तर प्रदेश का आम जनमानस खुश है। उन्होंने कहा कि आज आयोजित प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले बच्चे आने वाले समय में प्रदेश एवं देश की उन्नति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पेंटिंग प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों में प्रथम पुरस्कार 5100, द्वितीय पुरस्कार 3100, तृतीय पुरस्कार 2100 एवं अन्य को 1100 रुपए की धनराशि देकर पुरस्कृत किया गया। लाईव पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मैपल्स एकेडमी की इंशा, द्वितीय स्थान दून वैली पब्लिक स्कूल की एन्जिल, स्प्रिंग डैल स्कूल के सुहेल को तृतीय पुरस्कार दिया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में अंशिका, भव्य शर्मा, शिफा अर्शी, वीर धीमान, वाशू सैनी, नायला, गुरलीन को पुरस्कृत किया गया। तन्मय, अभिनव वर्मा, सुनील कुमार, रिशिता, सुनील को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत कामिनी, रानी, पूजा गौतम और पिंकी को 02-02 लाख का ऋण वितरण किया गया।

सुरेंद्र चौहान, सुशील जोशी, राज किशोर गुप्ता चेयरमैन दून वैली पब्लिक स्कूल देवबंद, अजय मित्तल मेपल्स एकेडमी स्कूल देवबंद, अनुपम गुप्ता लघु उद्योग भारती, अरूण अग्रवाल लघु उद्योग भारती, साद सिद्दीकी के विशेष सहयोग के लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में जेबीएस इण्टर कॉलेज, आर्य कन्या इण्टर कॉलेज एवं वैष्णवी नृत्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गयी।जिलाधिकारी सहारनपुर मनीष बंसल ने कार्यक्रम में माननीय प्रभारी मंत्री सहित सभी जनप्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सहभागिता करने वाले स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, जिलाधिकारी सहारनपुर मनीष बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, जिलाध्यक्ष भाजपा महेंद्र सैनी, एस पी सिटी व्योम बिंदल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर अर्चना द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी सदर अंकुर वर्मा, कार्यक्रम संयोजक सुरेंद्र चौहान सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सहारनपुर में औद्योगिकीकरण और शाकुंभरी देवी को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में अग्रसर

**सुरेंद्र सिंघल/गौरव सिंघल । सिटी चीफ**

**सहारनपुर**, कारोबार, खेती, उद्योग, शिक्षा, धार्मिक एवं सियासी लिहाज से सहारनपुर मंडल खासकर अपना सहारनपुर जनपद में विशेष महत्व रखता है। उत्तर प्रदेश का सहारनपुर जिला दिल्ली के नजदीक है। यहां के सियासी मिजाज का असर राष्ट्रीय राजनीति पर साफ दृष्टिगोचर होता है। इंदिरा जी, अटल बिहारी वाजपेयी, पीवी सिंह, चौधरी चरण सिंह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से सहारनपुर को सदैव तवज्जो मिली है और मिलती है। उत्तराखंड, हरियाणा, हिमाचल, पंजाब और जम्मू-कश्मीर के सहारनपुर से गहरे कारोबारी रिश्ते है। सहारनपुर उत्तम क्वालिटी की चीनी, स्वादिष्ट और सुगंधित बासमती चावल, लकडी की नक्काशी के उत्कृष्ट उत्पाद, हौजरी एवं सर्राफा व्यवसाय, आईटीसी की सिगरेट फैक्ट्री, स्टार पेपर मिल, गुणवत्ता परक चिकित्सा-शिक्षा एवं उच्च शिक्षा, मां शांकभरी देवी एवं देवबंद में स्थापित श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी शक्तिपीठ, इस्लामिक शिक्षण केंद्र दारूल उलूम देवबंद, एशिया की सबसे बडी रशीदिया मस्जिद के लिए विश्व भर में अपनी विशिष्ठ पहचान रखता है।

सहारनपुर के लिए उम्मीद और आकांक्षाओं से लबरेज बात यह है कि 62 वें जिलाधिकारी के रूप में सार्वजनिक सेवा के लिए जुनूनी और सकारात्मक बदलाव को समर्पित आईएएस मनीष बंसल के रूप में लोकप्रिय प्रशासनिक अफसर मिला है। वह कहते है कि सहारनपुर एक उभरता







हुआ वाणिज्यिक केंद्र है। जहां औद्योगिकीकरण की बेहतर संभावना है। वह इसे चुनौती के रूप में ले रहे है। मां शांकभरी देवी स्थल पर हजारों श्रद्धालु आते है। वह उस क्षेत्र को उत्कृष्ट पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराएंगे। नागरिकों को बुनियादी सुविधांए मुहैया कराने में वह 26 जून 2024 से जिलाधिकारी का पद गृहण करने के बाद से ही तत्परता से लगे है। डीएम मनीष बंसल के सक्षम नेतृत्व ने सहारनपुर के उज्जवल भविष्य की आशा रखते है। ईमानदार और समर्पण के साथ प्रेरित नेतृत्व करने से जिले के नागरिक और नौकरशाही नतीजों को लेकर बहुत आश्वस्त है। सहारनपुर के मेयर डा. अजय सिंह, नगरायुक्त संजय चौहान, स्मार्ट सिटी को उसके तबके के मुताबिक विकसित करने में विशिष्ठ भूमिका निभा रहे है। सहारनपुर मंडल के चीनी उद्योग को गन्ना आयुक्त ओमप्रकाश सम्वर्धित और प्रोत्साहित कर रहे है।

सहारनपुर में वुडकार्विंग उद्योग के जनक माने-जाने वाले परिवार की वर्तमान पीढी के अगुवा मोहम्मद असलम सैफी अपने कारोबार को देश की संपत्ति मानकर उत्कृष्ट उत्पाद पूरे विश्व को निर्यात करते है और हजारों हाथों को काम और रोजी-रोटी सम्मान और गरिमा के साथ मुहैया कराने में लगे है। चीनी का कटोरा माने-जाने वाले इस क्षेत्र की त्रिवेणी चीनी मिल प्रदेश में गुणवत्ता परक चीनी बनाती है। उसके कुशल यूनिट हेड पुष्कर मिश्र ने समय से गन्ना भुगतान करने और किसानों को तमाम जरूरी सुविधांए उपलब्ध कराकर त्रिवेणी शुगर ग्रुप को भारत में ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम करके नई मिसाल पेश की है। पदमश्री से सम्मानित प्रगतिशील किसान चौधरी सेठपाल और योग गुरू भारत भूषण, स्वामी शांतनु जी महाराज, स्वामी दीपांकर जी महाराज, देवबंद के हरदिल अजीज चिकित्सक डा. डी.के जैन, जामिया तिब्बिया के संचालक एवं प्रबंधक डा. अनवर सईद, डा.अख्तर सईद, देवबंद के दूनवैली पब्लिक स्कूल के प्रबंधक राजकिशोर गुप्ता, जनता इंटर कालेज के प्रबंधक दीपक राज सिंघल, भायला पीजी भायला के अध्यक्ष ठाकुर श्याम कुमार रावत और त्रिवेणी शुगर मिल के प्रमुख पुष्कर मिश्र अपने-अपने क्षेत्र में भरपूर योगदान दे रहे है और सहारनपुर जिले की अग्रणी शख्सियतों में शुमार है। सहारनपुर मंडल के अनिल कुमार, जसवंत सैनी, कुंवर बृजेश रावत, कपिल देव अग्रवाल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंत्रिमंडल में शामिल है। तीनों युवा है और प्रदेश की सेवा में समर्पित है। मंडल के पांचों सांसद इमरान मसूद, चंदन चौहान, इकरा हसन, हरेंद्र मलिक, और चंद्रशेखर आजाद पहली बार लोकसभा में पहुंचे है। चंदन चौहान भाजपा-रालोद के इस मंडल में अकेले चुने गए सांसद है। सब जगह के लोगों की उनके यहां आमद होने से चंदन चौहान के कंधे पर खुद को साबित करने की चुनौती है। जिसे पूरा करने में वह दिन-रात लगे है। उन्होंने आम जन के साथ-साथ सत्ता शिखर में भी अपनी मौजूदगी दर्ज की है।

# खेत की मेड़ पर मिला पुराना हनुमान मंदिर



**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ**

शाजापुर, खेत की मेड़ पर पुराना हनुमान मंदिर मिलने पर पटवारी के द्वारा पंचनामा बनाया गया है। पटवारी ललित कुंभकार ने बताया कि ग्राम गिरवर में अय्यूब खां, नूर खां के खेत की मेड़ पर पुराना हनुमान मंदिर होने की सूचना मिली थी, जिस पर शुक्रवार सुबह मौका मुआयना कर पंचनामा बनाया गया है। वहीं राजेश पहलवान ने बताया कि उक्त खेत पहले मालवीय समाज के व्यक्ति का हुआ करता था, जिन्होने मुस्लिम वर्ग के व्यक्ति को खेत बेच दिया था। मेड़ पर हनुमान मंदिर की सूचना राजस्व विभाग को दी गई। प्रशासन से मांग है कि मंदिर का रास्ता खुलवाया जाए।

# जिलेवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की दी शुभकामनाएं

## फुल ड्रेस रिहर्सल का किया निरीक्षण



**धीरज कुमार अहीरवाल । सिटी चीफ**

दमोह, 26 जनवरी को पूरे देश में 76 वां गणतंत्र दिवस धूम धाम के साथ मनाया जाएगा। यह वह दिन है, जब हमारा संविधान प्रभावी हुआ था, भारत संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य बना था। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर पूरे जिले के निवासियों को हृदय से बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ।

आज फुल ड्रेस रिहर्सल थी, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के साथ फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण किया है। इसमें परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम, यह सारी एक्टिविटीज यहां पर की है। विभागीय अधिकारीगण भी यहाँ पर उपस्थित थे, उनको आवश्यक दिशा निर्देश पूरे कार्यक्रम के संबंध में दिए गए, ताकि कार्यक्रम बहुत सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

## ठाकुर श्री राधा नवरंगी लाल महाराज को आलू पकोड़ी, इमरती, बालूशाही और बादाम दूध का भोग लगाया गया

# प्राचीन सिद्धपीठ श्री राधा वल्लभ मंदिर में खिचड़ी उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया

**गौरव सिंघल । सिटी चीफ**

**देवबंद ( सहारनपुर )।** प्राचीन सिद्धपीठ श्री राधा वल्लभ मंदिर में खिचड़ी उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में ठाकुर श्री राधा नवरंगी लाल महाराज को आलू पकोड़ी, इमरती, बालूशाही और बादाम दूध का भोग लगाया गया। खिचड़ी उत्सव में 23 वें दिन ठाकुरजी की भोग सेवा मोदीनगर के रविंद्र गोयल, नीरज गोयल, बाला वर्मा, रिया वर्मा व जतिन वर्मा द्वारा की गई। इस दौरान ठाकुरजी के छद्म भेष, मंगला दर्शन व श्रृंगार दर्शन करने के लिए भक्तों की तांता लगा रहा। पदावली सुनने के लिए भी भक्तों में उत्साह देखा



गया। मंगल समय खिचड़ी जेवत है श्री राधा वल्लभ कुंज महल में और खिचड़ी जेवत युगल किशोर आदि पदावलियों का गायन किया गया। मंदिर के सेवाधिकारी नितिन गोस्वामी व मुदित गोस्वामी ने बताया कि खिचड़ी उत्सव में हर रोज ठाकुरजी को विभिन्न व्यंजनों से तैयार भोग ठाकुरजी को लगाया जाता है। इसी प्रसाद को भक्तों में वितरित किया जाता है। इस मौके पर नीरज गोस्वामी, नवनीत लाल गोस्वामी, शुभम गर्ग, अभिषेक गोस्वामी, मोनू बंसल, मुकेश गुप्ता व आशु शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मानव कल्याण मंच के दो वरिष्ठ सदस्यों को देवबंद नगर में नई जिम्मेदारी मिलने पर मंच की ओर से उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया

**गौरव सिंघल । सिटी चीफ**

सहारनपुर । देवबंद, मानव कल्याण मंच के दो वरिष्ठ सदस्यों को देवबंद नगर में नई जिम्मेदारी मिलने पर मानव कल्याण मंच के संस्थापक अरुण अग्रवाल जी के निज निवास शिवपुरी मंगलौर चौकी देवबंद पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल अध्यक्ष अरुण गुप्ता व मां त्रिपुर बाला सुंदरी देवी मेला के



चेयरमैन सभासद प्रतिनिधि श्याम चौहान का अंग वस्त्र व पगड़ी पहनाकर हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में अपने संबोधन में अरुण गुप्ता ने स्वागत करने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया व आश्वासन दिया कि वह सभी नगर वासियों के लिए कोई भी कार्य होगा उसके लिए सदैव तत्पर रहेंगे तथा उन्होंने नगर भाजपा अध्यक्ष बनने के लिए राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग कुंवर बृजेश सिंह का भी धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में श्याम चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि इस वर्ष मां त्रिपुर बाला सुंदरी देवी का मेला भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सभासद रविंद्र चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के अंत में मंच संस्थापक अरुण अग्रवाल ने नगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता व श्याम चौहान को आगामी भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं भेंट की। डिस्काउंट फार्मेसी के मालिक रोहित अग्रवाल ने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है की हमारे दोनों युवा पदाधिकारी देवबंद नगर को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विकास देशवाल, अंकित चौहान, माणिक त्यागी, मानव कल्याण मंच के अध्यक्ष सुशील कर्णवाल, कोषाध्यक्ष सुनील बंसल, जितेंद्र कश्यप, यश बंसल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजीव शर्मा ने किया।

# हजारों फीट की ऊंचाई पर विमान का इमरजेंसी गेट खोलने लगा शख्स

**इंटरनेशनल डेस्क.** कोरियन एयर की एक फ्लाइट के दौरान एक यात्री ने इमरजेंसी गेट खोलने की कोशिश की, लेकिन एयर होस्टेस और क्रू मेंबर्स की तेज़ प्रतिक्रिया से एक बड़ा हादसा टल गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर ञ्चष्ह्लड्ढ54ष्द्यद्बश्चद्यश्ठ्ठद्य4 नामक अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया गया है, जिसमें यात्री को इमरजेंसी एग्जिट खोलने की कोशिश करते हुए और क्रू मेंबर्स को उसे रोकते हुए देखा जा सकता है। यह वीडियो अब वायरल हो चुका है।

**यात्री ने किया विरोध**

इस घटना के दौरान जब उड़ान के बीच एक यात्री ने आपातकालीन दरवाजा खोलने की कोशिश की, तो विमान में बैठे अन्य यात्री घबराए। वीडियो में दिखता है कि एयर होस्टेस और क्रू मेंबर्स तुरंत हरकत में आए और यात्री को दरवाजे से दूर खींचने की कोशिश की। हालांकि यात्री ने इसका विरोध किया, फिर भी क्रू की पांच सदस्यीय टीम ने उसे रोकने में कामयाबी हासिल की और एक बड़ा हादसा टल गया।



**पहले भी हुई थी ऐसी घटना**

यह पहली बार नहीं है कि कोरियन एयर की फ्लाइट में ऐसी घटना हुई हो। इससे पहले, 8 नवंबर को भी बैंकॉक से सियोल जा रही फ्लाइट में एक यात्री ने आपातकालीन दरवाजा खोलने की कोशिश की थी। उस वक्त, उड़ान के शुरू होने के लगभग एक घंटे बाद, यात्री ने दरवाजे के हैंडल को पकड़ने की कोशिश की थी। घटना के दौरान, यात्री ने क्रू मेंबर्स से सहयोग नहीं किया और उन्हें धमकियां भी दीं। लेकिन कोरियन एयर के कर्मचारियों ने सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से स्थिति को काबू में कर लिया।

**कंपनी ने जारी किया बयान**

कोरियन एयर ने इस घटना के बाद एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि सुरक्षा प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन किया गया और सभी यात्रियों एवं क्रू मेंबर्स को कोई नुकसान नहीं हुआ। एयरलाइन ने यह भी कहा कि वह हमेशा यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देती है और फ्लाइट के दौरान नियमों का पालन सुनिश्चित करती है।

# हमास ने जारी किए 4 और इजरायली बंधकों के नाम, आज गाजा से किया जाएगा रिहा

**तेल अवीव:** हमास चरमपंथी समूह ने चार बंधकों के नाम प्रकाशित किए हैं और इस बारे में उसने कहा है कि वह गाजा पट्टी में युद्धविराम के तहत शनिवार को उन्हें रिहा करेगा। इजराइल की ओर से नामों की तत्काल पुष्टि नहीं की गई। हमास ने शुक्रवार को ये नाम जारी किए। बंधकों को शनिवार को रिहा किया जाएगा। इसके बदले में, इजराइल द्वारा कैद या हिरासत में लिए गए दर्जनों फलस्तीनियों को रिहा किया जाएगा। इस बीच, गाजा में बंधक बनाये गए लोगों के रिश्तेदारों ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से सभी शेष बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने की अपील की है।



उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भी उनके रिश्तेदारों की रिहाई के लिए दबाव बनाए रखने की अपील की। इजराइल और हमास के बीच छह सप्ताह का युद्धविराम छठे दिन में प्रवेश कर गया है। इस बीच, इजराइल के लोग उन चार बंधकों के नामों की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जिन्हें गाजा में बंधक बनाए गए 90 से अधिक लोगों में से मुक्त किया जाएगा। हमास ने इस बारे में कोई सटीक सूचना जारी नहीं की है कि कितने बंधक अब भी जीवित हैं।

युद्ध विराम समझौते के पहले चरण में, इजराइल द्वारा पकड़े गए सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों के बदले में 33 बंधकों को क्रमिक रूप से मुक्त किये जाने की उम्मीद है। रविवार को युद्ध विराम के पहले दिन, 90 फलस्तीनी कैदियों के बदले में पहले तीन इजराइली बंधकों को रिहा किया गया। इस युद्धविराम ने गाजा में 15 महीने से जारी रहे युद्ध को फिलहाल रोक दिया है। गाजा के स्वास्थ्य प्राधिकारों के अनुसार, 47,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं।

समझौते के अनुसार, शुक्रवार को हमास द्वारा अगले दिन रिहा किए जाने वाले और चार बंधकों के नामों की घोषणा की जाएगी, जिसके बाद इजराइल भी इस बारे में एक सूची जारी करेगा कि किन फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाएगा। अयेलेत समेरानो, जिनका बेटा योनातन समेराने बंधकों में शामिल है, ने कहा ''मैं यहां से प्रधानमंत्री और वार्ता दल से अपील करता हूं कि सभी को वापस लाने के लिए जो भी जरूरी हो, वह करें।%% उन्होंने कहा, ''हम आपसे अनुरोध करते हैं कि मौजूदा अवधि समाप्त होने से पहले समझौते के दूसरे चरण पर सहमति सुनिश्चित करें। हम अनिश्चितता में नहीं रह सकते। सभी बंधकों को वापस लाना होगा।

# कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी की स्क्रीनिंग में खालिस्तानियों ने डाली बाधा

## ब्रिटिश सांसद ने की निंदा

**इंटरनेशनल डेस्क.** ब्रिटेन में विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी के एक सांसद ने उत्तर-पश्चिम लंदन में उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी की स्क्रीनिंग के दौरान नकाबपोश खालिस्तानी आतंकवादियों द्वारा धमकी दिए जाने के मामले में गृह मंत्री से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है।

बॉब ब्लैकमैन ने 'हाउस ऑफ कॉमन्स (ब्रिटिश संसद के निचले सदन) को बताया कि अत्यंत विवादास्पद फिल्म के प्रदर्शन को वोल्वरहैम्पटन, बर्मिंघम, स्लो, स्टेन्स और मैनचेस्टर में भी इसी प्रकार बाधित किया गया। इसके परिणामस्वरूप 'व्यू और सिनेवर्ल्ड ने ब्रिटेन में अपने कई सिनेमाघरों से फिल्म को हटाने का निर्णय लिया है। व्यू और सिनेवर्ल्ड ब्रिटेन में कई सिनेमाघरों का संचालन करते हैं।

**दर्शकों को धमकाया और फिल्म को जबरन बंद करवा दिया- ब्लैकमैन**



ब्लैकमैन ने संसद को बताया, रविवार को मेरे कई मतदाताओं ने हैरो व्यू सिनेमा में 'इमरजेंसी फिल्म देखने के लिए टिकट लिए थे। फिल्म के प्रदर्शन के लगभग 30 या 40 मिनट बाद, नकाबपोश खालिस्तानी आतंकवादी घुस आए, दर्शकों को धमकाया और फिल्म को जबरन बंद करवा दिया।

उन्होंने आगे कहा, यह फिल्म बहुत विवादास्पद है, और मैं इसकी गुणवत्ता या विषय-वस्तु पर कोई टिप्पणी नहीं कर रहा हूं, लेकिन मैं अपने और अन्य सदस्यों के मतदाताओं के इस फिल्म को देखने और इस पर निर्णय लेने के अधिकार का बचाव करता हूं। इसमें उस समय की कहानी है जब इंदिरा गांधी भारत की प्रधानमंत्री थीं। उन्होंने कहा, क्या हम अगले हफ्ते गृह मंत्री (यवेट कूपर) से एक बयान की उम्मीद कर सकते हैं कि यह सुनिश्चित करने के लिए क्या किया जाएगा कि जो लोग ऐसी फिल्में देखना चाहते हैं, जिन्हें सेंसर द्वारा पारित किया गया है, वे शांति और सद्भाव में ऐसा कर सकें? मैं सिनेमाघरों के बाहर प्रदर्शन करने के लोगों के अधिकार का पूरी तरह से बचाव करता हूं, लेकिन फिल्म को दिखाये जाने को बाधित करने का नहीं।

# भारत और यूएई के बीच ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत करेंगे पीएम मोदी और राष्ट्रपति जायद- यूएई राजदूत



**इंटरनेशनल डेस्क.** भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से यूएई के भारत में राजदूत, अब्दुल नासिर अलशाली ने हाल ही में एक साक्षात्कार में दोनों देशों के सहयोग की महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से भारत-यूएई व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) और यूएई-भारत सीईपीए परिषद (यूआईसीसी) के बारे में विस्तार से बात की, जो दोनों देशों के व्यापारिक संबंधों को और बढ़ावा देने का काम करेगा।

**यूएई-भारत सीईपीए परिषद का उद्देश्य क्या है?**

अब्दुल नासिर अलशाली ने बताया कि 10 जनवरी, 2024 को वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के दौरान यूएई-भारत सीईपीए परिषद (यूआईसीसी) को औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया। इस परिषद का उद्देश्य भारत और यूएई के व्यापारिक समुदायों को यूएई-भारत सीईपीए के तहत मिलने वाले फायदों से अवगत कराना और इसे आगे बढ़ाना है। 1 मई 2022 को लागू हुआ यह समझौता दोनों देशों के बीच व्यापार और उद्यमिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

**व्यापारिक कार्यक्रमों पर ज्यादा जोर**

राजदूत ने यह भी कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम उद्यमियों, खासकर महिला उद्यमियों के साथ जुड़ें। उन्होंने यूएई में 23,000 महिला उद्यमियों का उदाहरण देते हुए बताया कि ये महिलाएँ 30 बिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रबंधन करती हैं, और भारत में भी महिला उद्यमियों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। उनका कहना था कि भारतीय महिलाएँ विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन काम कर रही हैं और उन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, ताकि दोनों देशों के व्यापार और आर्थिक संबंधों को और मजबूती मिले।

**छोटे और मध्यम उद्यमों के योगदान को स्वीकार करना**

राजदूत ने भारत-यूएई व्यापार संबंधों की वृद्धि के लिए छोटे और मध्यम उद्यमों (स्स्रश्वह्य) और उद्यमियों को फोकस करने की जरूरत पर भी जोर दिया। उनका कहना था कि अगर हम सच में विकास देखना चाहते हैं, तो इन क्षेत्रों में निवेश और विकास पर ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने कहा, यहां छोटे और मध्यम उद्यमों और महिला उद्यमियों की भूमिका महत्वपूर्ण है, और हमें इन्हें आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करना चाहिए।

**प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति जायद की भूमिका क्या होगी**

अब्दुल नासिर अलशाली ने भारत-यूएई संबंधों को मजबूत करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि पीएम मोदी और यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के नेतृत्व में दोनों देशों के बीच संबंधों को नई गति मिली है। उनका कहना था कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति जायद की सक्रियता और नेतृत्व से दोनों देशों के बीच उच्च-स्तरीय बैठकें और दौरे हो रहे हैं, जो रिश्तों को और प्रगाढ़ बना रहे हैं।

**भारत-यूएई संबंध के इतिहास में गहरी जड़ें**

राजदूत अलशाली ने भारत और यूएई के रिश्तों को ऐतिहासिक और प्राचीन बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंध सैकड़ों साल पुरानी परंपरा का हिस्सा रहे हैं, और यह विश्वास जताया कि भविष्य में भी यह संबंध मजबूत बने रहेंगे।

## झूले में फंसे लड़की के बाल और दुपट्टा

# उतरी सिर और चेहरे की चमड़ी, हालत नाजुक



**नेशनल डेस्क.** मुक्तसर साहिब जिले के पटेल नगर स्थित गुरुद्वारा बाबा विधी चंद जी में चल रहे सालाना मेले के दौरान एक युवती के साथ एक गंभीर हादसा हुआ। हादसा उस समय हुआ जब युवती झूला झूल रही थी और उसका दुपट्टा तथा बाल झूले में फंस गए। इस कारण युवती के सिर और चेहरे की चमड़ी उतर गई और झूले में लगे ब्लेड से गंभीर चोटें आईं। युवती की हालत गंभीर है और उसे प्राथमिक उपचार के बाद बठिंडा के एम्स रेफर कर दिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब युवती मोबाइल से वीडियो बना रही थी। वीडियो बनाते समय उसका दुपट्टा झूले के रूल में फंस गया और बाल भी उसमें लिपट गए। इसके बाद लोगों के शोर मचाने पर झूला रोका गया, लेकिन तब तक युवती गंभीर रूप से घायल हो चुकी थी। घायल युवती की पहचान महिंदी (20) के रूप में हुई है, जो नगर वार्ड-27 की निवासी बताई जा रही हैं। वह झूला झूलते समय बार-बार उठ-बैठ रही थी, जिससे हादसा और भी गंभीर हो गया। युवती को पहले सरकारी अस्पताल मलोट ले जाया गया, जहां उसकी हालत को देखते हुए उसे बठिंडा एम्स रेफर कर दिया गया। इस घटना पर एसडीएम संजीव कुमार और गुरुद्वारा प्रबंधक सरदूल सिंह ने कहा कि मेला में झूला लगाने के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई थी। अगर इस संबंध में कोई लिखित शिकायत आती है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गुरुद्वारा प्रबंधक ने यह भी बताया कि साल में एक बार 24 जनवरी को मेला आयोजित किया जाता है, लेकिन इस मेले में झूला लगाने के लिए किसी को भी बुलाया नहीं गया था।

# अगर ट्रंप चुनाव नहीं हारते, तो टल सकता था यूक्रेन का युद्ध: पुतिन का बड़ा बयान

**इंटरनेशनल डेस्क:** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि अगर डोनाल्ड ट्रंप 2020 में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव नहीं हारते, तो यूक्रेन में युद्ध की नौबत नहीं आती। फरवरी 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर किए गए हमले को लेकर पुतिन ने कहा कि ट्रंप के कार्यकाल में ऐसा संकट पैदा होने की संभावना नहीं थी।

**ट्रंप को बताया 'बुद्धिमान और व्यावहारिक'**

ब्रिटिश अखबार डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, पुतिन ने ट्रंप की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे न केवल एक बुद्धिमान नेता हैं, बल्कि



व्यावहारिक सोच रखने वाले भी हैं। पुतिन ने कहा, अगर ट्रंप राष्ट्रपति होते और 2020 में उनकी हार नहीं होती, तो यूक्रेन में जो हालात बने, वे शायद टल जाते।

गौरतलब है कि ट्रंप लगातार 2020 के चुनावों में धांधली का दावा करते रहे हैं। उन्होंने कहा था कि उन्हें डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बाइडेन ने हराया नहीं, बल्कि चुनाव उनसे छीना गया।

**रूस शांति वार्ता के लिए तैयार- पुतिन**

यूक्रेन युद्ध पर बातचीत को लेकर पुतिन ने कहा, रूस हमेशा से बातचीत के लिए तैयार है। हम यूक्रेनी मुद्दों पर गंभीरता से बात करने को तैयार हैं। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि अमेरिका जैसे बड़े देशों के लिए ऐसे फैसले लेना मुश्किल हो सकता है, जो उनकी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**रूसी विदेश मंत्रालय का अलग रुख**

पुतिन की इस टिप्पणी से कुछ घंटे पहले ही रूसी विदेश मंत्रालय ने यूक्रेन और पश्चिमी देशों पर कड़ी आलोचना की थी। मंत्रालय ने कहा था, शांति वार्ता की आवश्यकता पर जोर देने के बावजूद, यूक्रेन और पश्चिम की ओर से ऐसी किसी गंभीर पहल के संकेत नहीं मिले हैं। साथ ही उन्होंने पश्चिमी देशों की ओर से यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति को अवैध बताया।

**ट्रंप का दावा- 24 घंटे में युद्ध समाप्त कर सकता हूं**

डोनाल्ड ट्रंप ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान दावा किया था कि अगर वे सत्ता में होते तो 24 घंटे के भीतर यूक्रेन में युद्ध समाप्त करवा सकते थे।

उन्होंने यह भी कहा कि अगर रूस शांति वार्ता के लिए तैयार नहीं होता, तो वे मास्को पर कड़े प्रतिबंध लगाते और यूक्रेन को और अधिक हथियारों की आपूर्ति करते।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती ज्योती मिश्रा द्वारा कॉम्पेक प्रिंटर्स प्रा. लि. फ्री प्रेस हाउस 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 45ए गुप्ता चैम्बर पहली मंजिल जावरा कंपाउंड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : अशीष मिश्रा आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक : एमपी/एच/आइएन 2009/34385 फोन नं : 0731-4202569 फैक्स नं : 0731-4202569